रांची

www.vananchaleye@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:48 | मंगलवार,22 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### ोल्ड मार्केट में आई गिरावट

एजेंसी

मुंबई (एजेंसी) : दीपावली खत्म होते ही सोने-चांदी की चमक पर अचानक ब्रेक लग गया। लगातार रिकॉर्ड बना रही कीमतें अब तेजी से नीचे आ रही हैं। गोल्ड मार्केट में 4 साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोना सोमवार को 4,381 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंचने के बाद करीब 3.8% टूट गया। वहीं, चांदी भी 54 डॉलर से लुढ़ककर 50 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। डॉलर की मजबूती, अमेरिका-चीन तनाव में कमी और भारत में खत्म हो चुके त्योहारों के सीजन ने इस गिरावट को और गहरा दिया है।

### बीसीसीआई ने नकवी से मांगी ट्रॉफी

एजेंसी

नई दिल्ली (एजेंसी) : बीसीसीआई ने एशिया कप ट्रॉफी जल्द से जल्द भारत को सौंपने के लिए एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ मोहसिन नकवी को ईमेल किया है। अगर नकवी आनाकानी करते हैं तो मामले को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल में उठाया जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, हम नकवी के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। अगर वो जवाब नहीं देते या कोई निगेटिव जवाब देते हैं तो आईसीसी में शिकायत की जाएगी।

### सुगौली सीट पर महागठबंधन प्रत्याशी का पर्चा रद्द

एजेंसी

पटना : बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में महागठबंधन को एक और बड़ा झटका लगा है। निर्वाचन आयोग ने सुगौली विधानसभा सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार शशि भूषण सिंह का नामांकन रद्द कर दिया है। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कुछ तकनीकी खामियां पाई गईं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। नामांकन रद्द होने के बाद सुगौली सीट पर महागठबंधन की स्थितिकमजोर हो गई है।

### पंजाब के पूर्व डीजीपी पर बेटे की हत्या का केस दर्ज

एजेंसी

पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी पत्नी व पंजाब की पूर्व मंत्री पत्नी रजिया सुल्ताना पर हरियाणा के पंचकूला में बेटे की हत्या की प्राथमिकी दर्ज हुई है। मुस्तफा- रजिया के साथ उनकी बेटी और बहू को भी आरोपी बनाया गया है। मुस्तफा के बेटे अकील (35) की 16 अक्टूबर की देर रात पंचकूला में मौत हुई थी। तब परिवार ने कहा था कि दवाओं के ओवरडोज से मौत हुई। लेकिन, अकील की मौत के बाद उसका 27 अगस्त का पुराना वीडियो सामने आ गया। इसमें अकील ने कहाथा कि मुझे पूर्व डीजीपी पिता के अपनी पत्नी से अवैध संबंध होने का पता चल गया। वह पत्नी मेरी थी,

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'देश के नाम पत्र' में भगवान राम से प्रेरणा लेने की कही बात

# ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अन्याय का लिया बदला

एजेंसी

नर्ई दिल्ली:मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम अपने 'पत्र' में लोगों को

शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा- यह दीपावली अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद दूसरी दीपावली है। पीएम ने भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मोदी ने कहा कि राम हमें धर्म और न्याय के रास्ते पर चलने और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देते हैं। मोदी ने लेटर में हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। कहा कि इस ऑपरेशन के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ भारत ने अन्याय का बदला लिया। पीएम ने देश के कई जिलों में नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद के खात्मे को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं और भारत के संविधान में विश्वास जता रहे हैं। यह देश के लिए एक बड़ा कदम है।प्रधानमंत्री ने हाल ही में शुरू



हुए अगली पीढ़ी के सुधारों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन कम गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दरें लागू की गईं, जिसके तहत जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से देशवासियों को हजारों करोड़ रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई मुश्किलों के बीच भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है। हम आने वाले दिनों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।स्वदेशी को अपनाएं, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और गर्व के साथ कहें, यह स्वदेशी है। पीएम ने अंत में लिखा कि दीपावली हमें यह भी सिखाती है कि जब एक दीपक दूसरे दीपक को जलाता है, तो उसका प्रकाश कम नहीं होता, बल्कि और बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ, आइए इस दीपावली पर हम अपने समाज और आस-पास सद्भाव, सहयोग और सकारात्मकता के दीप जलाएं।पीएम ने कहा कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में, एक नागरिक के रूप में हमारी जिम्मेदारी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि हर आदमी की छोटी सी कोशिश देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। गौरतलब है कि लेटर जारी करने से पहले ने सोमवार को गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दिवाली मनाई थी। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था,

## बिहार विस : पहले चरण में 121 और दूसरे में 122 सीटों पर होगा मतदान

# चुनाव के लिए आखिरी फेज की नॉमिनेशन प्रक्रिया खत्म

एजेंसी

### फर्स्ट फेज के लिए मैदान में 1314 प्रत्याशी, 300 से अधिक उम्मीदवारों के पर्चे खारिज

- 61 कैंडिडेट्स ने वापस लिए अपने नाम
- दूसरे फेज के प्रत्याशियों की अंतिम स्थिति कल तक हो जाएगी साफ
- महागठबंधन में नहीं खत्म हुई खींचतान 10 जगह
- एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे इलेक्शन



पटना। मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी फेज के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले फेज के चुनाव के लिए कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं। 300 से अधिक प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए। 61 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। गौरतलब है कि 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर 6 नवंबर और दूसरे फेज की 122 सीटों के लिए 11 नवंबर को मतदान होना है। दूसरे फेज के प्रत्याशियों की स्थिति 23 अक्टूबर तक साफ होगी। दूसरे फेज के आखिरी दिन तक 'इंडिया' गठबंधन में फूट, टिकट बंटवारे पर नाराजगी और अंदरूनी बगावत दिखी। राजद ने तो नॉमिनेशन का समय खत्म होने से 7 घंटे पहले, पहली बार 143 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। इससे पहले उसके प्रत्याशी नॉमिनेशन भरते रहे। महागठबंधन ने 243 सीटों पर 252 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। यह विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की वजह से हुआ है। आरजेडी ने 143, कांग्रेस ने 59, सीपीआई (एम) ने 20, सीपीआई ने 9, सीपीएम ने 6 और मुकेश सहनी की पार्टी ने 15 प्रत्याशी हैं। इस तरह इनकी संख्या 252 हो जाती है। 10 प्रत्याशी एक दूसरे केखिलाफ उतारे हैं।

### किसी गठबंधन की ओर से सीएम फेस घोषित नहीं

बिहार चुनाव में ऐसा पहली बार हुआ कि एनडीए और 'इंडिया' गठबंधन (महागठबंधन) ने टिकट बंटवारे को लेकर कोई ज्वाइंट प्रेस कॉन्फेंस नहीं की। सभी दल नॉमिनेशन के आखिरी समय तक लिस्ट जारी करते रहे। एनडीए और महागठबंधन में सीएम फेस को लेकर खींचतान है। पहली बार दोनों तरफ से कोई नाम सामने नहीं आया। बिहार विधानसभा चुनाव में 74 राजनीतिक दल मैदान में हैं।

## बेड़ो में हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या, गांव में मच गई अफरा-तफरी




संवादाता

बेड़ो :जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित मुडामु गांव में दीपावली की देर रात लगभग 1:30 बजे एक हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक सोमा उरांव गांव के ही अखाड़ा में जुआ खेल रहा था। मृतक के पिता फगुवा उरांव ने बताया कि एक अज्ञात अपराधी दोनों हाथों में पिस्टल लहराते हुए आया और सोमा उरांव को सटाकर कई गोलियां दाग दी। गोलीबारी के दौरान अखाड़ा में मौजूद अन्य लोग डर के मारे इधर-उधर भाग खड़े हुए। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी अशोक कुमार राम, पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव और फोरेंसिक जांच टीम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गांव के अखाड़ा में दीपावली को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उसी दौरान सोमा उरांव का एक व्यक्ति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। काफी देर तक दोनों में कहासुनी होती रही। इसी क्रम में कुछ देर बाद सोमा उरांव को गोली मार दी गई। गोली लगने की वजह से सोमा की मौत हो गई। गोली चलने की आवाज से गांव के अखाड़े में अफरातफरी मच गई और लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे।

## बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के 'रवैये' का साइड इफेक्ट

# जेएमएम लेगा अपमान का 'बदला'

एजेंसी

**15 नवंबर के बाद सरकार का नक्शा बदलेंगे हेमंत?**



रांची : झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन की अगुवाई करने वाला जेएमएम (झारखंड मुक्ति मोर्चा) बिहार विधानसभा चुनाव से पूरी तरह आउट हो गया है। जेएमएम यहां महागठबंधन के तहत 16 विधानसभा सीटों पर दावेदारी कर रहा था, लेकिन राजद और कांग्रेस नेतृत्व ने आखिरी वक्त तक इसपर कोई फैसला नहीं लिया। इससे झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व न सिर्फ आहत है, बल्कि झारखंड में राजद और कांग्रेस के साथ अपने मौजूदा गठबंधन की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। पार्टी ने दीपावली के दिन बिहार में महागठबंधन से खुद को अलग करने का ऐलान कर दिया। झामुमो के वरिष्ठ नेता और झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू कहते हैं, 'बिहार में हमें राजद और कांग्रेस नेतृत्व ने हमें अपमानित किया है। झारखंड के विधानसभा चुनाव में हमने उन्हें वाजिब हिस्सेदारी दी थी। सरकार बनने के बाद हमने राजद के एक विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किया। इसके बावजूद उन्होंने हमारे साथ राजनीतिक धोखेबाजी की है, जो नाकाबिले बर्दाश्त है।' सोनू ने इसे 'राजद-कांग्रेस की धूर्तता' करार दिया और कहा कि पार्टी झारखंड में मौजूदा गठबंधन की समीक्षा करेगी। राजनीतिक गलियारों में अब यह चर्चा तेज है कि बिहार में हुई इस 'बेवफाई' का असर झारखंड की सत्ता पर भी पड़ सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि झामुमो के नेतृत्व को बिहार में अपमानित होना पड़ा है और इससे पार्टी के अंदर गहरा असंतोष है, लेकिन हेमंत सोरेन अपनी राजनीतिक परिपक्वता और रणनीतिक समझ के लिए जाने जाते हैं। वे तत्काल गठबंधन तोड़ने जैसा कदम नहीं उठाएंगे, क्योंकि इससे सरकार की स्थिरता पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'यह संभव है कि झामुमो दबाव की राजनीति के तहत राजद कोटे के मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर कर दे, ताकियह संदेश जाए कि पार्टी अब और समझौते के मूड में नहीं है।' झामुमो के पास झारखंड में इतना संख्या बल नहीं कि वह अकेले सरकार चला सके। वह राजद से रिश्ता भले तोड़ लें,

## उलटफेर : बिहार में 12 सीटों पर आपस में ही भिड़ेंगे महागठबंधन के साथ

एजेंसी




पटना। : बिहार विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध अब 'दोस्ताना लड़ाई' के रूप में खुलकर सामने आ गया है। राष्ट्रीय जनता दल द्वारा 143 उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद, गठबंधन के प्रमुख घटक दल आरजेडी, कांग्रेस और सीपीआई 12 सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। यूं तो दावा है कि महागठबंधन के दल पूरी एकजुटता के साथ एक- दूसरे के साथ हैं, परंतु सीटों को लेकर मचे घमासान ने महागठबंधन की एकता पर सवाल खड़े किए हैं। छह सीटों पर कांग्रेस-राजद, चार सीटों पर कांग्रेस-सीपीएम और दो सीटों पर राजद-वीआईपी आमने- सामने है। जिन सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने होंगे, उनमें वैशाली, कहलगांव, सुल्तानगंज, सिकंदरा, नरकटियागंज और वारसलीगंज की सीटें शामिल हैं। महागठबंधन को इन सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर देनी थी। वहीं वे आपस में ही लड़ते नजर आएंगे। बछवाड़ा, बिहार शरीफ, राजापाकर और करगहर में कांग्रेस- सीपीआई एक दूसरे के खिलाफ लड़ते दिखेंगे,

**आज है 125वीं जयंती** काकोरी कांड के नायक अशफाकउल्लाह खान के जीवन का रोचक अध्याय

# अंग्रेजों का खजाना लूटने के बाद झारखंड को बनाया था ठिकाना

संवाददाता

**फांसी पर चढ़ने के पहले 10 महीने झारखंड में रहे थे अशफाक**



रांची : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी कांड ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देने वाला क्रांतिकारी प्रतिकार था। इस क्रांतिकारी घटना के नायकों में से एक अशफाकउल्लाह खां का झारखंड से जुड़ा एक कम ज्ञात, लेकिन बेहद रोचक अध्याय है। वह दौर, जब उन्होंने अपनी असली पहचान छिपाकर डालटनगंज में 10 महीने तक नौकरी की थी। काकोरी कांड के बाद जब अंग्रेजी हुकूमत ने चारों ओर गिरफ्तारी की मुहिम छेड़ी, तो अशफाकउल्लाह खां 26 सितंबर 1925 की रात पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। नेपाल, कानपुर और बनारस से होते हुए वे पलामू पहुंचे, जो उस समय बिहार का हिस्सा था। यहां उन्होंने मथुरा के एक कायस्थ के रूप में अपनी नई पहचान बनाई और डालटनगंज में जिला परिषद के दफ्तर में काम करने लगे। झारखंड के महावीर वर्मा ने एक पुस्तक में लिखा है कि अशफाकउल्लाह खां पलामू जिला परिषद में रहते हुए भी गुप्त रूप से क्रांतिकारियों के संगठन में सक्रिय थे। उस दौर में पलामू को क्रांतिकारियों का गढ़ माना जाता था। डालटनगंज में रहते हुए उन्होंने स्थानीय लोगों से घुलमिलकर बांग्ला भाषा भी सीखी। लेकिन जब उनकी असलियत उजागर हो गई, तो वे वहां से निकलकर दिल्ली पहुंचे और फिर अपने गृह जिले शाहजहांपुर के एक पुराने दोस्त के घर जा ठहरे। उसी दोस्त की मुखबिरी से वे गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के बाद अशफाकउल्लाह खान ने लखनऊ की अदालत में बेबाकी से कहा, 'हमने चोरी नहीं की, यह वतन के लिए था।' 19 दिसंबर 1927 को फैजाबाद जेल में उन्हें फांसी दी गई। उस वक्त उनकी उम्र महज 27 साल थी। काकोरी कांड की योजना आठ अगस्त 1925 को पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के घर हुई बैठक में बनी थी। अगले दिन नौ अगस्त को बिस्मिल के नेतृत्व में 10 क्रांतिकारी सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। काकोरी स्टेशन पर ट्रेन रोककर ब्रिटिश सरकार के खजाने को लूटा गया– यह लूट नहीं, हथियार खरीदने के लिए धन जुटाने की क्रांतिकारी मुहिम थी। सरकार ने स्कॉटलैंड यार्ड की मदद से एक महीने के भीतर अधिकतर क्रांतिकारियों को पकड़ लिया। बिस्मिल को गिरफ्तार करलिया गया, लेकिन अशफाक फरार होकर दस महीने तक डालटनगंज में रहे। 22 अक्टूबर 1900 को यूपी के शाहजहांपुर के कदनखैल जलालनगर मुहल्ले में जन्मे अशफाकउल्लाह खां न केवल क्रांतिकारी थे, बल्कि एक संवेदनशील शायर भी थे। उनका उर्दू तखल्लुस 'हसरत' था। वे उर्दू के साथ हिंदी और अंग्रेजी में भीकविताएं व लेख लिखा करते थे।

## गढ़वा में 21 साल पहले हुई बैंक डकैती में सासाराम के राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह गिरफ्तार

संवादाता



सासाराम : बिहार के सासाराम विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सत्येंद्र साह को झारखंड के गढ़वा में 21 साल पहले हुई बैंक डकैती में गिरफ्तार कर लिया। रोहतास के एसडीपीओ टू कुमार वैभव ने बताया कि सत्येंद्र साह का नामांकन दाखिल करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस लगभग 10 गाड़ियों के साथ उन्हें गढ़वा लेकर पहुंची, जहां कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, सत्येंद्र साह गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया मोड़ स्थित बैंक लूटने के मामले में नामजद अभियुक्त थे। इस मामले में गढ़वा न्यायालय से उनके खिलाफ स्थायी वारंट (लाल वारंट) जारी था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उनके खिलाफ विभिन्न थानों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट और धमकी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। गिरफ्तारी से पहले गढ़वा पुलिस रोहतास जिले के करहगर थाना पुलिस के संपर्क में थी। सत्येंद्र साह को नामांकन दाखिल करने के बाद अनुमंडल कार्यालय परिसर से दबोचकर गढ़वा पुलिस को सौंपा गया।

# महापर्व छठ की तैयारी : रांची में घाटों की सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी, सड़कें की जा रही दुरुस्त

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची में लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है. रांची जिला प्रशासन की तरफ से लगभग 60 से ज्यादा छठ घाटों में छठ व्रतियों के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं. राजधानी रांची के लगभग 60 छठ घाटों पर व्रती और श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए पहुंचेंगे. इसे लेकर रांची नगर निगम के द्वारा सभी छठ घाटों की सूची तैयार कर साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है. सभी छठ घाटों को अलग-अलग जोन में बांट कर सफाई का काम किया जा रहा है. नगर निगम की तरफ से 25 अक्टूबर तक सभी छठ घाटों की सफाई को पूरा करने का निर्देश जारी किया गया है.



**नगर आयुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण**

रांची के नगर आयुक्त सुशांत गौरव खुद लगातार छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि छठ घाटों के निरीक्षण का काम तेजी से किया जा रहा है. निरीक्षण के बाद जो घाट खतरनाक हैं वहां रेड रिबन लगाकर श्रद्धालुओं को रेड रिबन से आगे जाने की मनाही रहेगी. छठ घाटों की सफाई के लिए अलग-अलग समय पर मशीनों का प्रयोग भी किया जा रहा है. चिकित्सकों की टीम के द्वारा भी जल स्त्रोतों का निरीक्षण करवाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जलाशयों का संरक्षण किसी एक संस्था का कार्य नहीं है, बल्कि इसमें सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है. उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जलाशयों में गंदगी या अपशिष्ट प्रवाहित और अतिक्रमण न करें. जन भागीदारी से ही इन जलस्त्रोतों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है.

**लाइट और सड़क की व्यवस्था**

छठ महापर्व के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है. ऐसे में रांची नगर निगम की टीम के द्वारा साफ-सफाई के साथ-साथ लाइट की व्यवस्था और घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को भी दुरुस्त किया जा रहा है. सभी छठ घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं. छठ पूजा समिति के द्वारा ही कई जगहों पर लाइट और दूसरे तरह की व्यवस्था की जाती है. रांची नगर निगम की टीम छठ पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर काम कर रही है.

**इन स्थानों पर अर्घ्य देने पहुंचते हैं श्रद्धालु**

राजधानी रांची में मुख्य रूप से हटानिया तालाब, कांके डैम, धुर्वा डैम, बड़ा तालाब, चडरी तालाब, मोरहाबादी स्थित दिव्यान तालाब, तेतर टोली तालाब , भरम टोली तालाब, विद्यानगर तालाब बेहद महत्वपूर्ण है. इसके अलावा 60 से अधिक छठ घाट हैं जहां श्रद्धालु अर्घ्य देने के लिए पहुंचते हैं. सभी घाटों में लाइट के साथ-साथ साफ सफाई और दूसरी तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं. छठ महापर्व में सांध्य के समय पहला अर्घ्य दिया जाता है. पहले दिन से ही हर खतरनाक घाटों में एनडीआरएफ की टीम को तैनात कर दिया जाएगा. छोटे-छोटे तालाबों में स्थानीय गोताखोरों की ड्यूटी लगाई जाएगी. इस वर्ष रांची नगर निगम द्वारा 63 स्थलों पर कृत्रिम तालाबों का भी निर्माण कराया जा रहा है. नगर आयुक्त ने बताया कि सभी एमपीएस, जोनल सुपरवाइजर, नगर प्रबंधक और नगर अभियान प्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि छठ घाटों के पास फैली गंदगी को हर हाल में साफ कर दिया जाए.

# दीपावली की रोशनी में जगमगाया रांची, मां लक्ष्मी और भगवान गणेश के साथ काली मां की पूजा कर लिया आशीर्वाद

**रांची, संवाददाता ।**

रोशनी का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. पिछले कई दिनों से चल रही तैयारियों के बीच जैसे ही शाम का वक्त आया, हर घर दीयों की रोशनी से मानो रांची शहर नहा उठा. दीपों की रोशनी से जगमगाते रांची शहर में लोगों को मानो जैसे नई ऊर्जा मिल गई हो. बुराई पर अच्छाई का संदेश देते इस पर्व को मनाने में घर का हर सदस्य उत्साहित रहा. दीपावली के मौके पर इस बार भी जमकर आतिशबाजी हुई. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भले ही रात 8 से 10 तक आतिशबाजी के लिए निर्धारित किया हो लेकिन इसे नजरअंदाज करते हुए लोग शाम होते ही आतिशबाजी करने लगे. आतिशबाजी को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित बच्चे दिखे, जो अपने मित्रों के साथ जमकर फटाके फोड़ते दिखे. इस मौके पर घर के मुख्य द्वार पर रंग बिरंगी रंगोली



बनाकर लोगों ने मां लक्ष्मी का आह्वान किया.

**दीपावली पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश पूजा**

दीपावली के मौके पर मंदिरों को खास रूप में सजाया गया है. धन की देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा के साथ, काली मां की भी शहर में कई जगहों पर पूजा हुई. मेनरोड स्थित काली मंदिर में बंगला पद्धति से रातभर मां काली की पूजा हुई. जयपाल सिंह स्टेडियम के नजदीक रांची महानगर काली मंदिर पूजा समिति द्वारा आयोजित पूजा पंडाल का पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मिलकर उद्घाटन किया.

**धार्मिक आस्था का प्रतीक है काली पूजा**

रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि यहां लंबे समय से मां काली की पूजा होती रही है. इस बार भी पारंपरिक रूप से लोग बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मां काली की पूजा की. इस मौके पर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि काली पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश भी है. ऐसे भव्य आयोजन से समाज में एकता और सद्भाव का माहौल बनाता है. रांची महानगर काली पूजा समिति द्वारा बनाया गया यह पंडाल अद्भुत कलात्मकता का उदाहरण है. श्रद्धा और संस्कृति का यह संगम झारखंड की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित करता है।

# छठ में रांची से बिहार जाने वाली ट्रेनें फुल, फ्लाइट का किराया डबल

**रांची, संवाददाता ।**

छठ पूजा के मद्देनजर रांची से बिहार जाने वाली सभी प्रमुख ट्रेनों में टिकट मिलना बेहद मुश्किल हो गया है। हटिया-पटना, वंदे भारत, जनशताब्दी समेत कई ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहे हैं और लंबी वेटिंग लिस्ट बनी हुई है। रेलवे की तरफ से छठ के लिए स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही हैं, लेकिन यात्रियों की मांग को पूरा करने में ये पर्याप्त नहीं साबित हो रही हैं। 26 अक्टूबर को रांची रेल डिविजन से पटना के लिए करीब आधा दर्जन ट्रेनें चलेंगी, लेकिन सभी में टिकट की किल्लत है। हटिया-पटना ट्रेन के स्लीपर क्लास में 99 वेटिंग, थर्ड एसी में 63 और टूएसी में 26 वेटिंग टिकट हैं। रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन के चेयरकार में 58 और एग्जीक्यूटिव क्लास में 13 वेटिंग है। जनशताब्दी में टूएस क्लास में 200 और चेयरकार में 37 वेटिंग टिकट हैं।



रांची-पाटलीपुत्रा एक्सप्रेस के स्लीपर में 71 वेटिंग, थर्ड एसी में 30 और टूएसी में 15 वेटिंग टिकट हैं। रांची-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस के स्लीपर में 57, थर्ड एसी में 43 और टूएसी में 10 वेटिंग हैं। रांची-आरा ट्रेन में स्लीपर क्लास में 118 वेटिंग है, जबकि थर्ड एसी और टूएसी में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहे। राउरकेला-जयनगर ट्रेन में स्लीपर क्लास की वेटिंग 142 और थर्ड एसी की 87 है। 25 अक्टूबर को चलने वाली स्पेशल ट्रेन में भी स्लीपर क्लास में 47 और थर्ड एसी में 11 वेटिंग टिकट हैं। टिकट न मिलने की वजह से यात्री अब बस और निजी वाहन से यात्रा करने के विकल्प तलाश रहे हैं।

# भयमुक्त माहौल के बिना झारखंड में दम तोड़ देगा व्यापारः आदित्य मल्होत्रा

**रांची, संवाददाता ।**

रांची में लगातार हो रही व्यापारियों के साथ आपराधिक वारदातों से व्यापारी जगत में दहशत है। हाल ही में कटहल मोड़ के पास सीमेंट कारोबारी को गोली मारकर कर हत्या कर दी गयी और कांके थाना क्षेत्र में रेस्टोरेंट संचालक की हत्या ने राजधानी रांची की विधि-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। इसी विषय पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने राज्य की लचर कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता जतायी।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा का विषय सबसे गंभीर है। यदि व्यापारी और उद्यमी भयमुक्त वातावरण में काम नहीं कर पाएं, तो राज्य में व्यापार और उद्योग का विकास ठप हो जायेगा।



उन्होंने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की भूमिका सबसे अहम है, चाहे वह रोजगार सृजन हो या सरकार के लिए कर संग्रहण का मामला। लेकिन बीते दिनों जिस तरह की वारदातें हो रही हैं, उनसे पूरा व्यापारी वर्ग को चिंता में डाल दिया है। आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर डीजीपी से मुलाकात की गयी है और राज्य स्तरीय बैठक में सभी 24 जिलों के एसपी और शीर्ष पुलिस अधिकारी शामिल हुए थे।

बैठक में प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि इस तरह के हो रहे घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जिस तरह देश-विदेश के निवेशकों को झारखंड में पूंजी निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, ऐसे में इस तरह की वारदातें राज्य की छवि को खराब कर रही हैं और निवेश पर विराम लगाती हैं। मल्होत्रा ने प्रशासन से मांग की है कि राज्य में लगातार हो रही इस तरह की आपराधिक घटनाओं पर तुरंत लगाम लगायी जाये, ताकि व्यापारियों और आम लोगों का भरोसा कायम रहे और झारखंड को व्यापार और उद्यमिता के अग्रणी प्रदेश के रूप में पहचान दिलाने का सपना साकार हो सके।

# जेएसएससी से जुड़े केस में मीना कुमारी मामले की अपील में हस्तक्षेप याचिका दायर

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने मीना कुमारी मामले में झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के विरुद्ध अपील दायर की है. यह अपील आयोग द्वारा हाल ही में दायर की गई है, जिसमें केवल मीना कुमारी एवं कुछ अन्य को ही पक्षकार के रूप में शामिल किया गया है. इसी बीच आदेश से प्रभावित नीरज कुमार सहित 64 अभ्यर्थियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में एक इंटरलोकटरी एप्लिकेशन फॉर इंटरवेंशन दाखिल की गई है. यह आवेदन अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है. अभ्यर्थियों का कहना है कि यह विवाद केवल मीना कुमारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे संबंधित भर्ती प्रक्रिया में शामिल हजारों अभ्यर्थियों के अधिकारों और हितों पर भी प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है. हस्तक्षेपकताओं ने आग्रह किया है कि न्यायहित में उनके पक्ष को भी सुना जाए, ताकि मामले के सभी पहलुओं का संतुलित मूल्यांकन हो सके और प्रभावित अभ्यर्थियों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिले.

# आरजेडी प्रत्याशी सत्येंद्र साह को नामांकन के तुरंत बाद झारखंड पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची, संवाददाता ।**

बिहार चुनाव में सासाराम सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार सत्येंद्र साह को सोमवार को नामांकन दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया. उन्हें गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सत्येंद्र साह के खिलाफ गढ़वा में 2004 के एक बैंक लूट मामले में गैर-जमानती वारंट लंबित था.

**नामांकन करते ही कर लिया गिरफ्तार**

जानकारी के अनुसार, सत्येंद्र साह जब सासाराम सीट से अपना नामांकन दाखिल करने अनुमंडल कार्यालय पहुंचे, तो झारखंड पुलिस की एक टीम वहां पहले से ही मौजूद थी. जैसे ही वे नामांकन दाखिल कर बाहर निकले पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. सत्येंद्र साह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही उनके समर्थक आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि उन्हें इस कार्रवाई की कोई



जानकारी नहीं थी.

**2004 के बैंक लूटकांड में आरोपी थे सत्येंद्र साह**

झारखंड पुलिस के अनुसार, गढ़वा के चिरौंजिया मोड़ पर 2004 में बैंक लूट हुई थी, जिसमें सत्येंद्र साह भी आरोपी थे. इस मामले में 2018 में सत्येंद्र साह के खिलाफ एक स्थायी वारंट जारी किया गया था. पुलिस रिकॉर्ड्स के मुताबिक, सत्येंद्र साह के खिलाफ लूट, डकैती और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित 20 से अधिक मामले विभिन्न थानों में लंबित हैं. सत्येंद्र साह गढ़वा में कांड संख्या 320/2004 में आरोपित थे.

# रांची के स्कूलों ने बनाई हरियाली और स्वच्छता में पहचान, राज्य में किया आठवां स्थान हासिल

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची ने शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है. केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर चलाए जा रहे स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (रत्क्षफ) अभियान में रांची ने राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया है. इस अभियान का उद्देश्य विद्यालय परिसरों को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ बनाना है, ताकि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की आदत विकसित हो सके. राज्य के सरकारी, सहायता प्राप्त, निजी और सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों को 60 अलग-अलग मानकों पर परखा गया. स्कूलों ने पहले ऑनलाइन स्वमूल्यांकन किया, जिसके बाद जिला और प्रखंड स्तर पर भौतिक सत्यापन हुआ. शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 44,438 विद्यालयों में 31,10,660 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. इसके



मुकाबले अब तक 39,416 विद्यालयों में 17,79,848 पौधे लगाए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 57.22 प्रतिशत है. वहीं रांची जिले में 3304 स्कूलों में 2,31,280 पौधरोपण का लक्ष्य था, जिसमें से 2742 विद्यालयों ने 1,52,527 पौधे लगाकर 65.95 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है.

**गुमला जिला अव्वल, पलामू सबसे नीचे**

इस रेटिंग में गुमला जिला पहले स्थान पर रहा, जबकि रांची आठवें पायदान पर और पलामू जिला सबसे नीचे है. जिन विद्यालयों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा.

**अभियान का उद्देश्य**

अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है. इसके तहत विद्यालयों को 30 सितंबर तक ऑनलाइन मूल्यांकन पूरा करने का निर्देश दिया गया था, जिसके बाद जिला और प्रखंड स्तर पर निरीक्षण किया जा रहा है. वहीं इस संबंध में खेल पदाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बच्चों में न केवल खेलों के प्रति उत्साह बढ़े, बल्कि उनकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का भी सही विकास हो.

# झामुमो को राजद-कांग्रेस जैसे झारखंड विरोधी दलों से नाता तोड़ लेना चाहिए : प्रवीण प्रभाकर

**रांची, संवाददाता ।**

बिहार विधानसभा चुनाव में सीट नहीं मिलने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को लेकर आजसू पार्टी ने तीखा हमला बोला है. आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने झामुमो को उसकी 'औकात' बता दी है. उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने झारखंड सरकार में मंत्री संजय यादव के पुत्र को बिहार से टिकट दे दिया लेकिन झामुमो को एक भी सीट लायक नहीं समझा. प्रवीण प्रभाकर ने झामुमो को नसीहत देते हुए कहा कि अगर उसमें जरा भी स्वाभिमान बचा है तो उसे तत्काल राजद और कांग्रेस जैसे झारखंड विरोधी दलों से नाता तोड़ लेना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि बिहार चुनाव के कूचे से बेआबरू होकर निकलने के बाद भी अगर झामुमो में नैतिक साहस बचा है तो उसे कांग्रेसझ्रराजद के मंत्रियों को सरकार से बाहर कर देना



चाहिए. तभी झारखंड की जनता और शिबू सोरेन जी की गरिमा की रक्षा हो पाएगी. आजसू नेता ने झामुमो और महागठबंधन के रिश्तों को अवसरवादी करार देते हुए कहा कि यह गठबंधन स्वाभाविक नहीं बल्कि सत्ता-लोभ से प्रेरित है. राजद और कांग्रेस हमेशा झारखंड विरोधी रुख अपनाते रहे हैं. उन्होंने याद दिलाया कि लालू प्रसाद यादव ने यहां तक कहा था कि 'झारखंड मेरी लाश पर बनेगा', इसके बावजूद झामुमो ने अपने एकमात्र विधायक को मंत्री बनाकर रखा. प्रभाकर ने तंज कसते हुए कहा कि झामुमो नेता पिछले कई दिनों से उम्मीद लगाए बैठे थे कि बिहार चुनाव में उन्हें सीटें मिलेंगी.

# नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की तैयारी में रांची नगर निगम, स्वास्थ्य व्यवस्था होगी मजबूत !

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची के लोगों को अब अपने घर के नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी. रांची नगर निगम क्षेत्र में 12 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उपकेंद्र) स्थापित करने की तैयारी की जा रही है. इस योजना का उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मोहल्ला स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें मामूली बीमारियों के लिए बड़े अस्पतालों की दौड़ न लगानी पड़े. निगम के अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक केंद्र के भवन निर्माण पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च होंगे. इन भवनों का निर्माण 15वें वित्त आयोग की राशि से कराया जाएगा. निगम ने बताया कि सभी भवनों का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि वहां मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था, महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग टॉयलेट, ओपीडी (आउटडोर पेशेंट विभाग) और डिस्पेंसरी जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद रहेंगी.

वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 25 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से संचालित हैं. इन केंद्रों के माध्यम से अब तक हजारों मरीजों को मुफ्त



जांच, दवाइयां और प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल चुकी है. अब 12 नए केंद्रों के निर्माण के बाद नगर निगम क्षेत्र में कुल 37 आरोग्य मंदिर हो जाएंगे. इससे स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और विस्तृत हो जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिलेगा. नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि रांची नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके घर के आसपास ही बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है. उन्होंने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से लोगों को सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, खांसी-जुकाम, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, टीकाकरण और मातृत्व देखभाल जैसी सेवाएं आसानी से मिल सकेंगी. इसके अलावा, इन केंद्रों से बड़ी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव भी कम होगा और लोगों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिलेगी. सुशांत गौरव ने बताया कि नए केंद्रों के लिए घनी आबादी वाले और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है. निगम द्वारा पहले ही संभावित स्थानों का सर्वे कराया जा चुका है और जहां जरूरत अधिक है। वहां जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा. उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र में एक डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और सहायक स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी, ताकि मरीजों को समुचित इलाज मिल सके. इन केंद्रों में डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और ऑनलाइन डेटा प्रबंधन की व्यवस्था भी होगी। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ेगी. नगर आयुक्त ने कहा कि रांची नगर निगम की यह पहल झारखंड सरकार के स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड₹ अभियान के अनुरूप है. इसका उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति छोटी बीमारी के लिए भी इलाज से वंचित न रहे. उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी कुछ महीनों में इन सभी 12 केंद्रों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा और नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलने लगेगा.

# रांची में जोरों पर सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी

**रांची, संवाददाता ।**

राजधानी रांची में होने वाली चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई है. यह भव्य आयोजन 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में छह दक्षिण एशियाई देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के एथलीट हिस्सा लेंगे. कुल मिलाकर करीब 300 अंतरराष्ट्रीय एथलीट, कोच और तकनीकी पदाधिकारी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे. मंगलवार से खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है. पहले बैच में भारतीय टीम के चार खिलाड़ी रांची पहुंचे है.



**खेल के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

चैंपियनशिप के लिए राजधानी रांची में माहौल पूरी तरह से एथलेटिक रंग में रंग चुका है. आयोजन समिति की ओर से स्टेडियम परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. ट्रैक की मरम्मत, टाइमिंग सिस्टम की जांच और खिलाड़ियों के लिए विशेष वार्म-अप एरिया तैयार किया गया है. इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था और आवास की सुविधाओं की भी विशेष तैयारी की गई है ताकि विदेशी खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

**पहुंचने वाली टीमों का जोरदार स्वागत**

टूनामेंट से पहले 22 और 23 अक्टूबर को खिलाड़ियों के लिए प्रैक्टिस सेशन रखा गया है. इसको लेकर खिलाड़ियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है. भारतीय टीम का पहला बैच आज सुबह रांची पहुंचा, जिसमें चार खिलाड़ी शामिल हैं. वहीं, दूसरा बैच दोपहर रांची पहुंचेगा. इसके अलावा बांग्लादेश की टीम दोपहर 3 बजे, जबकि श्रीलंका और नेपाल की टीमें भी आज ही राजधानी पहुंच रही हैं. नेपाल के टीम बाय ट्रेन पहुंचेगी, आयोजन स्थल और होटल से एयरपोर्ट तक टीमों के स्वागत और परिवहन की विशेष व्यवस्था की गई है. भारतीय टीम में देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी शामिल हैं, जिसके कारण वे अलग-अलग बैच में रांची पहुंच रहे हैं.

**एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त मेजबानी में आयोजन**

मधुकांत पाठक ने आगे बताया कि इस बार चैंपियनशिप का स्तर बेहद ऊंचा होने वाला है. आयोजन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है. स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए फिजियो, मेडिकल, रिकवरी जोन, और हाई-टेक टाइमिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. झारखंड सरकार, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त मेजबानी में यह आयोजन किया जा रहा है. राज्य सरकार ने खेल के इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को लेकर पूरे शहर में स्वागत बैनर और होर्डिंग्स लगवाए हैं. एयरपोर्ट से लेकर मोरहाबादी तक शहर को सजा दिया गया है ताकि आने वाले खिलाड़ियों को झारखंड की मेहमाननवाजी का एहसास हो सके.



## मंजूनाथ भजन्त्री ने फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में चल रही तैयारियों का किया निरीक्षण

# शेखर जमुआर, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची श्री राकेश रंजन सहित जिला प्रशासन की टीम के साथ निरीक्षण

- सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग, खिलाड़ियों के आवास एवं परिवहन, चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवाओं, साफ-सफाई, जलापूर्ति, बिजली आपूर्ति आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश
- सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश
- प्रशासन का प्रयास, आयोजन अनुशासन, सौहार्द और उत्कृष्ट प्रबंधन का उदाहरण बने- उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री

संवाददाता । रांची



राजधानी रांची आगामी दिनों में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का केंद्र बनने जा रही है। 4th SAAF Senior Athletics hampionships, 2025, 2025 का आयोजन दिनांक 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, रांची में प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में दक्षिण एशियाई देशों भारत, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान और अफगानिस्तान के शीर्ष एथलीट हिस्सा लेंगे।इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं खेल विभाग की ओर से तैयारियाँ जारी हैं। आज दिनांक 21 अक्टूबर 2025 को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा स्टेडियम परिसर पहुंचकर तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। साथ में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य झारखण्ड श्री शेखर जमुआर, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची श्री राकेश रंजन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) श्री राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री उत्कर्ष कुमार, सिविल सर्जन, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, नगर निगम अधिकारी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री ने आयोजन से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, खिलाड़ियों के आवास एवं परिवहन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, दर्शकों के प्रवेश एवं निकास द्वार,

## नरीक्षण के दौरान प्रमुख बिंदुओं की समीक्षा

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री ने आयोजन से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, खिलाड़ियों के आवास एवं परिवहन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, दर्शकों के प्रवेश एवं निकास द्वार, आपातकालीन सेवाओं, सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, बिजली आपूर्ति तथा मीडिया प्रबंधन आदि सभी बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएँ ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## झामुमो-राजद के बीच कड़वाहट का असर!

# झारखंड पुलिस ने RJD उम्मीदवार को किया अरेस्ट, 21 साल पुराने मामले में हुई गिरफ्तारी



संवाददाता । रांची

बिहार : विधानसभा चुनाव में जेएमएम अपने उम्मीदवार को उतार नहीं पाई। सीट शेयरिंग में जगह नहीं मिलने से नाराज जेएमएम ने बिहार चुनाव से खुद को अलग कर लिया है। गठबंधन नहीं होने से नाराज जेएमएम के नेता और राज्य सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आरजेडी और कांग्रेस को धुर्त और धोखेबाज तक कह दिया। जेएमएम और आरजेडी के बीच जारी कड़वाहट के बीच झारखंड पुलिस के एक्शन ने सबको हैरान कर दिया है।दरअसल, झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार की पुलिस ने बिहार के सासाराम ने आरजेडी के उम्मीदवार को गिरफ्तार कर लिया। 21 साल पुराने मामले में सासाराम से आरजेडी उम्मीदवार सत्येंद्र साहु को नामांकन के ठीक बाद गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सत्येंद्र साहु की गिरफ्तारी से राजनीतिक हलचल तेज हो गई और इस दौरान आरजेडी समर्थकों में आक्रोश देखने को मिला। सत्येंद्र साहु रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के रहने वाले है और उनपर कई आपराधिक मुकदमें दर्ज है। सत्येंद्र साहु ने 2010 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था कुछ साल पहले उन्होंने अपनी पत्नी को नगर निगम सासाराम ने मेयर पद के लिए उम्मीदवार बनाया था। इस बार आरजेडी ने वर्तमान विधायक राजेश गुप्ता का टिकट काटकर सत्येंद्र साह को अपना उम्मीदवार बनाया है। सोमवार को सत्येंद्र साह जैसे ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर बाहर निकले गढ़वा से आई पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया, मंगलवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि सत्येंद्र साहु के खिलाफ 2004 में गढ़वा में एफआईआर दर्ज हुआ था।

## हथियार के साथ एक गिरफ्तार



संवाददाता । रांची

रांची । रात्रि में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुडू थाना अंर्तगत ग्राम चेटर के पास जसीम पवरिया पिता-स्व० गफ्फार पवरिया, ग्राम चेटर, थाना कुडू, लोहरदगा किसी घटना को कारित करने हेतु अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। तत्काल पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के द्वारा थाना प्रभारी कुडू श्री मनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उक्त सूचना का सत्यापन करते हुए छापामारी हेतु निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी कुडू के द्वारा उक्त सूचाना के आलोक में त्वरित कारवाई करते हुए जसीम पवरिया पिता-स्व० गफ्फार पवरिया, ग्राम चेटर के घर की घेराबन्दी कर छापामारी किया गया। छापामारी के कम में जसीम पवरिया से हथियार के संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर जसीम पवरिया के द्वारा छिपा कर रखे गए हथियार कमशः 1.01 पीस लोहे का देशी कट्टा, जिसमें लकडी का बट लगा हुआ 2.02 पीस जिन्दा कारतूस, 3.01 पीस धूल मिट्टी लगा खोखा, 4.03 पीस 12 बोर का कारतुस को पुलिस को बरामद कराया गया।इस संबंध में कुडू थाना काण्ड सं0 110/25, दि० 20.10.25, धारा 25 (1-इ)/26 अ१२ अ३ दर्ज कर प्राथमिक अभुक्ति जसीम पवरिया पिता-स्व० गफ्फार पवरिया, ग्राम चेटर, थाना कुडू, लोहरदगा।

## अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किये जाएंगे 24 पूजा पंडाल प्रबंधक

# शहरभर में 23 को होगी दवात पूजा



संवाददाता । रांची

दिनांक-रॉंची। चित्रगुप्त पूजा की तैयरियों को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ( एबीकेएम ) के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें महासभा के पदाधिकारियों के साथ - साथ महिलाओ ने भी शिरकत किया। मौके पर महासभा के महामंत्री सुशील कुमार लाल ने पूजा के दिन होने वाले सम्मान समारोह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चित्रगुप्त पूजा आयोजित करने वाली शहरभर की तकरीबन 24 पूजा - पंडाल प्रबंधकों को तलवार, अंग वस्त्र व कलम से सम्मानित किया जाएगा। तयशुदा कार्यक्रम के तहत आगामी 23 अक्तूबर के दिन दोपहर 1 बजे महासभा के पदाधिकारी व महिलाओं की टीम कुल चार में बँटकर शहरभर के पूजा पंडालो में जाएंगी। जहाँ पंडाल प्रबंधकों को तलवार, अंग वस्त्र व कलम देकर उनका मानवर्धन किया जाएगा। मौके पर महासभा के प्रदेश अधयक्ष डॉ सी बी सहाय ने कार्यकताओं को जरूरी दिशा - निर्देश दिये। इस अवसर पर महासभा के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश सिन्हा, उमा सिन्हा, निर्मला कर्ण, रेनुबाला धर, सत्या सिन्हा, इंदु श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में दिव्यांगों और निराश्रितों ने हर्षोल्लास से मनाई दीपावली

- यदि सेवा का दीप जलाया जाए, तो हर जीवन आलोकित हो सकता है

संवाददाता । रांची



दीपों का पर्व दीपावली जहां रोशनी, उल्लास और प्रेम का प्रतीक है, वहीं यह त्यौहार उन लोगों के लिए और भी खास हो जाता है, जो समाज की मुख्यधारा से कटे हुए होते हैं। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) मे रह रहे 41 दिव्यांग एवं निराश्रितजनों ने इस वर्ष की दीपावली को हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मनाया। इस विशेष अवसर पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी सेवाधाम मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी, सजावटी दीयों, फूलों और बंदनवारों से भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया। वातावरण भक्ति से ओतप्रोत था, और हर चेहरे पर दीपावली की चमक झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष पूजा-अर्चना से हुई, मंदिर के मुख्य पुजारी अरविंद पांडे ने विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद भोग लगाया ?। जिसमें सदगुरु की कृपा और राधा-कृष्ण के आशीर्वाद के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। मंदिर प्रांगण भजनों की मधुर स्वर लहरियों से गूंज उठा, जिससे एक दिव्य और आत्मिक वातावरण का निर्माण हुआ। अपना घर आश्रम में रह रहे दिव्यांग एवं निराश्रितजन, जो आमतौर पर सामाजिक उत्सवों से वंचित रह जाते हैं, उन्होंने इस दीपावली पर विशेष तैयारी की।ट्रस्ट की ओर से सभी को नए वस्त्र प्रदान किए गए, जिसे पहनकर उनके चेहरों पर आत्मसम्मान की एक अलग चमक देखने को मिली। वृद्धजनों ने मिलकर पटाखे फोड़े, रंगोली सजाई और मिठाइयों का आनंद उठाया। आपस में एक दूसरे को गले मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। यह दृश्य देखकर स्वयंसेवकों और आगंतुकों की आंखें नम हो गईं, पर साथ ही उनके चेहरों पर संतोष की मुस्कान भी थी ?।दीपावली के इस पर्व पर प्रसाद भोग का भी वितरण किया गया।जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा निरंतर सेवा, प्रेम एवं समर्पण के मूल मंत्र को लेकर समाज में वंचित वर्गों के उत्थान हेतु कार्य कर रहा है।

# डोरंडा में न्यू काली पूजा समिति के 44वें ऐतिहासिक पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन, संजय सेठ ने किया शुभारंभ

संवाददाता । रांची



राजधानी रांची के डोरंडा स्थित न्यू काली पूजा समिति, काली मंदिर रोड पर इस वर्ष का ऐतिहासिक 44वां काली पूजा समारोह भव्यता से शुरू हो गया। राजस्थानी कला एवं संस्कृति की थीम पर सजाए गए अनोखे पूजा पंडाल का उद्घाटन राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने पांच श्रद्धेय संत के साथ किया। उद्घाटन समारोह में आलोक दुबे, अजय नाथ शहदेव, शंभू गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, वार्ड 45 के भावी प्रत्याशी रितेश थापा, अजय घोष, मनोज मालाकार, बिट्टू घोष, टापू घोष, पप्पू बलि, बबलू शाह, मनोज नायक, देवराज बर्मन, मितवा घोष, शिशिर क्षेत्री, बाबू सोना, अमित गुप्ता, नितेश गुप्ता, विकी घोष, जयंत मजूमदार, दीपू जयसवाल, धीरज गुप्ता, रवि सिंह, उज्जवल, विकी क्षेत्री, गुंजन थापा, उज्जवल थापा, सूरज मांझी, प्रणव क्षेत्री, दोलन गोप और मिडिया प्रभारी शाहिद खान, समीर, कामरान और स्थानीय निवासी समेत सैकड़ों भक्त शामिल हुए। पूजा समिति के अध्यक्ष शंभु गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष पंडाल को राजस्थानी लोककला, रंग-बिरंगे झरोखों, पारंपरिक चित्रकला और सांस्कृतिक प्रतीकों से सजाया गया है, जो दर्शकों को राजस्थान की जीवंत संस्कृति का अनुभव कराएगा। संजय सेठ ने उद्घाटन के दौरान समिति की सराहना करते हुए कहा, ‟यह पूजा न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। राजस्थानी थीम से झारखंडवासियों को नई प्रेरणा मिलेगी।कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समिति ने आने वाले दिनों में रात्रि भोज, सांस्कृतिक संध्या और विशेष दर्शन की व्यवस्था की है। पूजा 24 अक्टूबर तक चलेगी वहीं 25 को विसर्जन होना है।

# ब्रीफ न्यूज

## रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या करने वाले अपराधी की पुलिस के साथ मुठभेड़, लगी गोली

संवाददाता । रांची

रांचीः रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत?या करने वाले अपराधी की रांची पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई है. मुठभेड़ किया घटना रविवार की रात जिले के कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू स्थित आईटीबीपी कैंप के आसपास हुई है. पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट के विजय नाग की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को गोली लगी है. उल्लेखनीय है कि शनिवार की देर रात अभिषेक सिंह ने चौपाटी रेस्टोरेंट के मालिक विजय नाग की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद वह मौके से फरार हो गया था. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी राकेश रंजन ने फरार हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था. एसएसपी के द्वारा गठित विशेष टीम के द्वारा इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि अभिषेक आइटीबीपी कैंप के आसपास छिपा हुआ है. जिसके बाद जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची अभिषेक ने पुलिस के ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी. जिसके बाद पुलिस के द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई में अभिषेक को गोली लगी है, वहीं इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकाने पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है. उल्लेखनीय है कि पिछले 10 दिनों के अंतराल पर रांची पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कुल पांच अपराधियों को पुलिस की गोली लगी है।

## रातू छठ तालाब पर युवा नेता ओम शंकर गुप्ता करेंगे 200 छठ वरातियों के बिच पितल के सूप, फल-प्रसाद एवं दुग्ध का वितरण

संवाददाता । रांची



रांचीः रातूःछठ पूजा के पावन पर्व पर समाजसेवी एवं युवा नेता ओम शंकर गुप्ता इस वर्ष भी रातू छठ तालाब पर छठ व्रतियों के बीच पितल के सूप, फल-प्रसाद एवं दूध का वितरण करेंगे। परंपरा के अनुसार, यह आयोजन पहले अर्घ्य के दिन किया जाएगा।ओम शंकर गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था और सूर्य उपासना का महत्वपूर्ण पर्व है, जो परिवार और समाज में एकता, भक्ति और सेवा भाव को बढ़ावा देता है। उनका कहना है कि व्रतियों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और इस दिन हर किसी को भक्ति और श्रद्धा के साथ पर्व मनाना चाहिए।स्थानीय लोग बताते हैं कि ओम शंकर गुप्ता हर साल छठ व्रतियों की सुविधा के लिए घाट की व्यवस्था, रोशनी, सफाई और प्रसाद वितरण में सक्रिय रहते हैं। उनकी यह पहल पूरे क्षेत्र में सराहनीय मानी जाती है और लोग इसे उत्साहपूर्वक सहयोग देते हैं।इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों और युवाओं की उपस्थिति की उम्मीद है, जिससे पारंपरिक छठ पूजा का माहौल और भी जीवंत हो जाएगा।

## बेड़ो में गोली मारकर एक अधेड़ की हत्या,जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता । रांची

बेडो : थाना क्षेत्र के मुडामु गांव के अखरा में दिपावली की रात सोमवार को रात्रि लगभग दो बजे गांव के निवासी 40 वर्षीय युवक सोमा उरांव पिता फागु उरांव को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली होने की वजह से गांव के हीं अखरा में जुआ खेल रहे थे।तभी लगभग 02:00 बजे रात को गोली चलने की आवाज हुई जिससे आसपास के लोगों ने जाकर देखा तो पाया की सोमा अचेत पड़ा हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने आनन फानन में उसके परिवार वालों को सूचना दी गई और साथ ही साथ पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई। इधर घटना इधर सूचना मिलते ही डीएसपी अशोक कुमार राम इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय सदल बल घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का मुआयना किया।वही पुलिस ने मामले को लेकर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर जाच में लगी हुई है। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## रॉंची?। लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है।

संवाददाता । रांची

रॉंची जिला प्रशासन की तरफ से लगभग 60 से ज्यादा छठ घाटों में छठ व्रतियों के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रॉंची नगर निगम के द्वारा सभी छठ घाटों की सूची तैयार कर साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। सभी छठ घाटों को अलग-अलग जोन में बांट कर सफाई का काम किया जा रहा है। रॉंची नगर निगम की तरफ से 25 अक्टूबर तक सभी छठ घाटों की सफाई को पूरा करने का निर्देश जारी किया गया है।

## शहीद पुलिस जवानों को संस्मरण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि



संवाददाता । रांची

रॉंची चिाईबासा। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर आज पुलिस केंद्र चाईबासा परिसर में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस उप-महानिरीक्षक सिंहभूम कोल्हान क्षेत्र चाईबासा श्री अनुरंजन किस्पोट्ट तथा पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस, अटूट समर्पण और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा को याद किया गया। इसके पश्चात, अधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित शहीदों के परिजनों से भेंट कर उनके सुख-दुःख का हाल जाना तथा उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। शहीदों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया।इस समारोह में पुलिस उपाधीक्षक परीक्ष्मण श्री प्रदीप कुमार एवं कुमार विनोद तथा परिचारी प्रवर सहित जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने शहीदों की स्मृति को नमन करते हुए राष्ट्र सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

धनबाद सिर्फ देश की कोयला राजधानी ही नहीं है बल्कि झारखंड राज्य की आर्थिक राजधानी भी है

# धनबाद जितना विकसित होगा उतना ही राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी : हरे राम पंडित

**धनबाद, संवाददाता**

धनबाद सिर्फ देश की कोयला राजधानी ही नहीं है बल्कि झारखंड राज्य की आर्थिक राजधानी भी है। धनबाद जितना विकसित होगा उतना ही राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी, राजस्व बढ़ेगा और यहां से प्राप्त वित्त से अन्य जिलों का भी विकास कर सकेगी राज्य सरकार। झारखंड जब बिहार का हिस्सा हुआ करता था तब भी धनबाद से मिलने वाले राजस्व का इंतजार रहता था बिहार को। केन्द्र सरकार के लिए भी धनबाद की कोयला कम्पनी, रेलवे व अन्य पब्लिक सेक्टर राजस्व देने में अग्रणी रह रहे हैं, ऐसा मानना है वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी हरे राम पंडित का। श्री पंडित का कहना है कि धनबाद का विकसित होना अति आवश्यकता है। जब से झारखंड बना है धनबाद में एक भी



विकास की परियोजना नहीं आई है। पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, हर घर नल से जल आपूर्ति हो, यह एक अति आवश्यक प्रोजेक्ट है धनबाद के लिए। पर्यावरण संरक्षित रहे इसके लिए कोल फिल्ड में अग्नि प्रभावित क्षेत्र से लोगों का सम्मान पूर्वक विस्थापन हो,सारी सुविधाओं के साथ। कोयला खनन कार्य के दौरान पर्यावरण संरक्षण हेतु सारे कदम उठाए कोल कंपनियां।

धनबाद के विकास के लिए जरूरी है एक फ्लाई ओवर का जो धनसार से पूजा टाकिज तक का हो। नया बाजार रे टाकिज वाला एक मात्र फ्लाई ओवर है उत्तरी और दक्षिणी धनबाद को जोड़ने के लिए। यह फ्लाई ओवर पचास साल पुराना हो चुका है यह कभी भी धोखा दे सकता है इस लिए धनसार से पूजा टाकिज तक फ्लाय ओवर नितांत आवश्यक है। पॉलिटेकनिक रोड जो आठ लेन सड़क बनने के बाद एक महत्वपूर्ण रोड बन चुका है, संकरी होने के कारण हमेशा जाम रहता है, यहां भी फ्लाईओवर चाहिए। एक एलिवेटेड रोड स्टेशन से सरायढेला होते हुए गोविन्दपुर तक हो, तब जाकर धनबाद वासियों का आने जाने में समय बचेगा। धनबाद आई आई टी में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का मिनरल रिसर्च सेंटर युरोपीयन संस्थाओं के साथ ज्वायंट वेंचर में स्थापित हो रहा है, विदेशियों का आना जाना लगा रहेगा, धनबाद को एक अदद अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा चाहिए।यह हवाई अड्डा लाभकारी तो होगा ही एवं राज्य सरकार को भरपूर राज्स्व मिलेगा। बड़े बड़े व्यापारियों का पलायन भी रूकेगा। टाटा, सेल, हर्ल, अडानी, डी वी सी के अलावा और भी औधोगिक घरानों द्वारा निवेश धनबाद में होगा, अतः राज्य सरकार अन्तर्राष्ट्रीय हवाई सेवा के लिए जमीन के साथ साथ निर्माण की सहमति केंद्र सरकार को दे। अन्तरराजीय बस डिपो का निर्माण धनबाद मुख्यालय से ज्यादा दूर नहीं बल्कि जी टी रोड पर पंडुकी मौजा में बने, जिला वासियों के लिए यात्रा सुविधा के साथ साथ रोजगार भी बढ़ेंगे। सरकारी स्कूलों को नेतरहाट विद्यालय के तर्ज पर विकसित करे झारखंड सरकार। धनबाद नगर निगम अपनी सोच बढ़ाए और कचड़ा के लिए डंप यार्ड का निर्माण कराए, इन्दौर से सवक ले और शहर को साफ रखे। धनबाद प्रशासन के प्रमुख एक विकसित धनबाद बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयास में गति प्रदान करें।

# वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन जल्द भुगतान समय पर करें : डीसी

**लातेहार, संवाददाता**



मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो के साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा बैठक कर सभी कार्य समय पर करने का आदेश दिया, बैठक में उपायुक्त ने जिले में संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने पेंशन स्वीकृति, भुगतान की स्थिति, लंबित आवेदनों के निष्पादन एवं लाभुकों के आधार/बैंक लिंकिंग से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी ली।सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित किया जाए एवं लंबित आवेदनों का निपटारा शीघ्र हो, मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, एरिया ऑफिसर एप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एनआरएम एक्सपेंडिचर, सोशल ऑडिट, जिओ टैगिंग एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रखंडवार जानकारी लेते हुए आगामी 15 दिनों में सभी अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके,

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की गति तेज करने तथा लाभुकों से नियमित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंड यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्राप्त हो, उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे,

## अनाथों को कभी अनाथ होने की अहसास नहीं होने देता पोखरिया स्थित अनाथ विद्यालय

**टुण्डी, संवाददाता**

आज के इस घोर कलियुग में भला करने एवं भविष्य संवारने की बातें सोचना एक बेवकूफी एवं उटपटांग सी बातें है आज के इस युग में अभिभावकों द्वारा अपने परिवार एवं बाल बच्चों का भविष्य संवारने के लिए न जाने क्या क्या बीड़ा उठाते है और जब वही बच्चा एक दिन बड़े होकर एक शिक्षित एवं परिपक्व मनुष्य बनते हैं तो सबसे पहले अपनी पत्नी की होकर रह जाते है और जिसने इस मुकाम तक पहुंचाया उसे भूल जाते हैं और उन्हें अनाथालय में रख कर चले आते हैं।पर इसका एक विपरीत एक ऐसे सच्ची उदाहरण पेश कर रहा हूं जो अपने आप में एक मिशाल एवं इस घोर कलियुग में भी भगवान के अवतार हैं और एक बहुत बड़ा साहसी एवं पराक्रमी व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधियों में से तथा गरीबों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं। आइए जानते हैं कि इस घोर कलियुग में वैसा व्यक्तित्व आखिर कौन है। मैं बात कर रहा हूं झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो जिन्होंने इस बड़ी कार्य को करने का साहस किया है यह अनोखा विद्यालय पूर्वी टुंडी के पोखरिया स्थित अनाथ विद्यालय की स्थापना कर अनाथ बच्चों को एक अच्छे संस्कार के? साथ साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने का काम कर रहे हैं। यहां के बच्चों को कभी अनाथ होने का अहसास नहीं होने देते हैं वर्तमान विधायक चाहे त्योहार हो या अन्य किसी भी दिन बच्चों का बहुत ही सिस्टम से परवरिश कर अच्छे संस्कार और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिए जा रहे हैं। साथ ही पोखरिया स्थित अनाथ विद्यालय बच्चों को सारी जरूरतें पूरी करती है। आज के इस युग में इस तरह की सेवा दिया जाना अपने आप में एक मिशाल है।

## बगदा में श्री चित्रगुप्त पूजा की तैयारी अंतिम चरण में, भव्य जागरण की रहेगी धूम

कसमार (बोकारो) : कसमार प्रखंड के बगदा में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। आयोजन समिति के सदस्यों राहुल वर्मा, जीतू वर्मा, किट्टू वर्मा, गौरव और संजय वर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी पूजा कार्यक्रम को भव्य रूप देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। पूजा पंडाल को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जा रहा है। समिति सदस्यों ने बताया कि पूजा के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और चित्रांश परिवार के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से भी भजन मंडलियां आमंत्रित की गई हैं, जो पूरी रात भक्ति रस में सभी को सराबोर करेंगी। उन्होंने बताया कि पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवाओं की कई टीम लगातार तैयारी में जुटी है। सुरक्षा, पार्किंग, और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई है। समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे पूरे परिवार के साथ इस पवित्र आयोजन में शामिल होकर धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश फैलाएं।

## नावाडीह में पशुधन पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बेरमो, संवाददाता**

नावाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को परंपरागत रूप से पशुधन पूजा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। ग्रामीण महिलाओं और किसानों ने अपने पशुधन गाय, बैल और भैंस की पूजा-अर्चना कर उनके स्वास्थ्य, समृद्धि और सुरक्षा की कामना की। पूजा के अवसर पर लोगों ने पशुओं को नहलाया, उन्हें रंग-बिरंगे कपड़ों और फूलों से सजाया तथा विशेष पकवान और गुड़-चारा खिलाया। ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक गीतों और नृत्य के माध्यम से उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा कृषक पाठशाला परिसर में पशुधन पूजा का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने



का संदेश भी दिया गया। समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि पशुधन पूजा हमारे ग्रामीण जीवन और संस्कृति की आत्मा है। यह त्योहार हमें पशुओं के प्रति सम्मान, संवेदना और जिम्मेदारी का संदेश देता है। पशुधन हमारी आजीविका का प्रमुख आधार हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य और देखभाल पर विशेष ध्यान देना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि समिति ग्रामीणों के बीच नियमित रूप से पशुपालन, टीकाकरण और डेयरी विकास संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। पशुधन पूजा ग्रामीण समाज में मानव और पशु के बीच अटूट संबंध का प्रतीक बनकर आज भी परंपरा और पर्यावरणीय संतुलन को जीवंत बनाए हुए है। मौके पर जेई रोहित कुमार, पंचायत समिति सदस्य निर्मल महतो, अनवर अंसारी, जयलाल महतो, आशीष मिश्रा, अजय कुमार, अरुण कुमार, मुकेश सिंह, जानकी रविदास, महादेव रविदास, किरण देवी, प्रिती कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## कोडरमा आरपीएफ की मदद से यात्री को मिला लैपटाप रखा बैग, यात्री ने आरपीएफ का जताया आभार

**कोडरमा, संवाददाता**

रेल मदद के अनुपालन में शिकायतकर्ता रंजीत कुमार निवासी अमरा थाना कोंच व जिला गयाजी (बिहार) से संपर्क करने पर बतलाए कि मैं गाड़ी संख्या 04312 DN से भभुआ रोड से गया तक यात्रा कर रहा था। वह ट्रेन के गया पहुंचने पर मैं गया उतर गया और जल्दबाजी में मेरा पिट्ठू बैग उक्त ट्रेन के कोच सं-इ-7 के बर्थ न०-28 पर ही छूट गया था। गाड़ी के कोडरमा पहुंचने पर ड्यूटी में तैनात स्टाफ द्वारा अटेंड कर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चिन्हित कर उक्त पिठ्ठू बैग को उतार कर शिकायतकर्ता को अवगत कराते हुए सुरक्षित रेसुब पोस्ट कोडरमा पर सुरक्षित रखा गया। समय करीब 13.00 बजे शिकायतकर्ता रेसुब पोस्ट कोडरमा पहुंचे व अपने समान की मांग की



तथा अपने बैग की पहचान किये, उचित पहचान एवं सत्यापन उपरांत शिकायतकर्ता को सुपुर्दगीनामा पर सही सलामत एक काले रंग का पिट्ठू बैग जिसमें रखा हुआ डेल कंपनी का एक अदद लैपटॉप सुपुर्द किया गया। सुपुर्द किए गए सामानों की अनुमानित कीमत 45000/- रुपए बताए है। इस कार्य के लिए शिकायतकर्ता द्वारा आरपीएफ का कोटि-कोटि धन्यवाद दिया गया।

## ऋतुराज ने छठ पूजा की तैयारी को लेकर की समीक्षा बैठक

❖ सभी प्रखण्ड एवं अंचल अधिकारियों को छठ घाटों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

**कोडरमा, संवाददाता**

छठ महापर्व की तैयारी को लेकर उपायुक्त ऋतुराज ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर निकायों के प्रशासक एवं छठ पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों का निरीक्षण करें एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ घाटों पर चेंजिंग रूम की सुविधा विकसित करने तथा तालाबों में बेरिकेडिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया



गया, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सुरक्षा की दृष्टि से सभी छठ घाटों पर साइनेज और बैनर लगाए जाएं। जहां-जहां मेले का आयोजन किया जा रहा है, वहां सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तथा गोताखोरों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

उपायुक्त ने कहा कि छोटे-बड़े सभी छठ घाटों पर पूजा आयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और विधि-व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश भी दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह समेत जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं छठ पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**पलामु, संवाददाता**

पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर मंगलवार को मेदिनीनगर पुलिस केंद्र ग्राउंड में भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पलामू के जोनल आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन तथा आईआरबी-10 समादेष्टा ने शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने शहीद जवानों के परिजनों से भेंट कर उनकी समस्याएँ सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उपस्थित सभी ने देश और प्रदेश की सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। इस अवसर पर सदर एसडीपीओ मनीभूषण प्रसाद, डीएसपी राजीव रंजन, राजेश कुमार, तथा आईआरबी-10 के संतोष साह, हरेन्द्र सिंह, हवलदार आशीष कुमार, राकेश मंडल, सुनील सिंह, आरक्षी राहुल कुमार दांगी, अनुज प्रसाद, रजनीश दुबे, रवि रंजन सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## सुदूरवर्ती पंचायत बंगाखलार में बड़े ही धूमधाम से की गई मां काली की पूजा अर्चना

**कोडरमा, संवाददाता**

जिला के डोमचांच प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत बंगाखालर में देश आजादी के पूर्व से ही काली पूजा में प्रत्येक वर्ष माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर भव्य तरीके से पूजा अर्चना के अलावे दो दिवसीय मेले का आयोजन होता चला आ रहा हैं। इस बार भी माँ काली की आकर्षक प्रतिमा बनवाई गई हैं। पूरे मंदिर को सजाया गया। माँ काली पूजा समिति बंगाखलार के सभी पदाधिकारी सदस्य पूजा को सफल बनाने में लगे रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष कैलाश कुमार एवं मुखिया शिवशंकर राय ने कहा की हर वर्ष की भांति इस बार भी धूम धाम से काली पूजा मनाया गया। दीपावली की रात्रि 12 बजे माँ काली की पूजा अर्चना विधिवत तरीके से हुई। वही



इस पूजा में बंगाखलार पंचायत के कई गांव सहित अन्य गांव पंचायत के लोगों ने भाग लिया। जिला प्रशासन के आदेशानुसार सुरक्षा व्यवस्थाओं का लागू किया गया। साथ ही जानकारी अनुसार मंगलवार रात्रि को भक्तिजागरण का कार्यक्रम भी रखा गया हैं। पूरे आयोजन को सफल बनाने में सचिव अनिल कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष महादेव सिंह, पूर्व अध्यक्ष मनोज दास, पूर्व सचिव पवन कुमार पासवान, पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज कुमार राय, अशोक राय, संजय तूरी, भोला राय, घनश्याम राय, विश्वनाथ राय, रामकिशुन राय, समाजसेवी जितेंद्र कुमार यादव, पुजारी चिंतामणि राय, मुकेश तुरी, तुलसी कुमार, भोला कुमार, संजय राय, चौबे राय, उमेश राय, सुरेश राय, उपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, अनिल मुर्मू, मनोज राय, विकास कुमार, घनश्याम कुमार, सिकंदर राय, दामोदर दास, पिंटू कुमार, नीरज कुमार, विक्रम कुमार, द्वारका राय, पुनीत कुमार, बलदेव राय, शंकर राय सहित काफी संख्या में लोग लगे रहे।

## पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह ने ग्रामीणों संग मनाई दीपावली



**बोकारो, संवाददाता**

प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर सूबे के पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह गोमिया प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायतों – पंचमो, चिदरी और चेलियाटांड पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि पर्व-त्योहार समाज में सौहार्द और एकता का प्रतीक हैं। ग्रामीण अंचलों में लोगों के साथ मिलकर दीपावली मनाने से आत्मीय संतुष्टि मिलती है। उन्होंने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मौके पर बल्कु रविदास, अशोक सिंह, जगन्नाथ करमाली, लालदेव महतो, सोमर अगरिया, अशोक राम, ईश्वर दयाल महतो, बिरजू रविदास, जमील अख्तर, वकील अहमद, धर्मेंद्र भंडारी, जगदीश महतो, राजकुमार यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## 28 अक्टूबर को मनाया जायेगा सूर्यनाथ सिंह की 11 वीं पुण्यतिथि

**बेरमो, संवाददाता**

**बेरमो।** 28 अक्टूबर को करगली के महिला मंडल (कल्याण मंडप) में जनता मजदूर संघ सीसीएल के पूर्व रीजनल सचिव स्व सूर्यनाथ सिंह की 11 वीं पुण्यतिथि तथा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। स्वर्गीय सूर्यनाथ सिंह एक ऐसा श्रमिक नेता थे, जो राष्ट्र हित, श्रमिक हित और कंपनी हित तथा भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध के लिए आजीवन कृतसंकल्पित रहे। वे सरल व विनम्र व्यवहार तथा सादगी पूर्ण रहन-सहन के लिए न सिर्फ बेरमो कोयलांचल बल्कि संपूर्ण सीसीएल और बीसीसीएल में उनके उदाहरण दिए जाने जाते थे। श्रमिक नेता स्वर्गीय सूर्यनाथ बाबू के बारे में एक कहावत कोयलांचल में कही जाती थी कि जिसका कोई सहारा या नाथ नहीं ऐसे मजदूरो का सहारा बन जाते थे सूर्यनाथ बाबू।



वे बिना भेदभाव के काम करते थे, और उसको वाजिब हक दिलाकर ही दम लेते थे। वे न कभी झुके और न कभी बिके। वह बेदाग श्रमिक नेता रहे। वह दिग्गज नेता बिंदेश्वरी दुबे, राम सुंदर दास, रामदास सिंह, बसावन सिंह, मिथिलेश कुमार सिन्हा और सूर्यदेव सिंह के यूनियनों में काम किये। हिंद मजदूर सभा बिहार और झारखंड के वह कई वर्षों तक प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। जनता पार्टी और भाजपा में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई थी। वह आजीवन जनता मजदूर संघ सीसीएल रीजनल सचिव पद पर बने रहे। स्वर्गीय सूर्यनाथ बाबू ने झाविमो के वरीय नेता के रूप में बेमिसाल कार्य किया। इनकी 11 वीं पुण्य तिथि में कई जाने माने लोगों की जुटने की संभावना है। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजित किया गया है। सुप्रसिद्ध गायक चांदी पाठक और जयप्रकाश चौहान के टीम द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन में इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, श्रमिक नेता बैजनाथ सिंह, रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, नंदकुमार सिंह तथा अभय कुमार सिंह सहित संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के नेताओ की अहम भूमिका रहेगी।

## सीसीएल छठ घाट का रास्ता और रोशनी की व्यवस्था करेगी : जीएम रंजय सिंहा



**बेरमो, संवाददाता**

सोमवार को सीसीएल ढोरी जीएम रंजय सिंहा ने सिविल और ईएंडएम विभाग के अधिकारीगण के साथ फुसरो हिन्दुस्तान पुल, कल्याणी, खास ढोरी, अमलो बस्ती और घुटियाटांड गौशाला के समीप छठ घाट की खराब स्थिति के मद्देनजर ने निरीक्षण किया। महाप्रबंधक रंजय सिंहा ने कहा कि उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ माहौल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कहा कि छठ महापर्व के मद्देनजर घाट की पूरी सफाई कराई जाएगी और आसपास की झाड़ियों को भी हटाया जाएगा। इस अवसर पर एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती और एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। एसओ सिविल मनोज कुमार साह, सिविल इंजीनियर राम लखन और सीनियर ओवरसियर किशुन रॉय ने कहा कि घाट का रास्ता बनाने और सफाई का कार्य किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को नदी तट तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मौके पर उज्ज्वल मुखर्जी, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

# गयाजी में 10000 कार्यकर्ताओं समेत 50 नेताओं ने जनसुराज से दिया इस्तीफा



**पटना (एजेंसी) :** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में प्रदेश की अस्मिता और रोजगार सहित कई मुद्दों को लेकर चुनावी रण में हाथ आजमा रहे जन सुराज पार्टी को गयाजी में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के करीब 10 हजार कार्यकर्ताओं सहित 50 से अधिक नेताओं का इस्तीफा देने का दावा किया जा रहा है। जनसुराज के चुनाव प्रभारी और जिला संगठन प्रभारी समेत कई बड़े नेता अपने 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ इस्तीफा दे दिया है। ये सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ इस्तीफा दिया है, बल्कि दूसरे उम्मीदवारों के समर्थन पर विचार भी कर रहे हैं, लेकिन किस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे इसका फैसला 24 अक्टूबर को एक बड़ी बैठक करके लेंगे।

पार्टी से नाराज नेताओं का दावा है कि 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है। बिहार चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के बाद जन सुराज के नेताओं में नाराजगी है। नेताओं ने आरोप लगाया है कि जन सुराज पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर चलने वाली है। भाजपा और जदयू के जिन नेताओं को टिकट मिला है, उन्हें भाजपा से टिकट देने के लिए नाम दिया गया है।

गयाजी के जिला चुनाव प्रभारी संजय सिंह ने पत्रकार वार्ता में जन सुराज पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में चुनावी प्रक्रिया के संबंध में हम लोगों से एक भी मशवरा नहीं लिया गया, यहां गया जिले में 10 विधानसभा में सिर्फ दो विधानसभा के उम्मीदवार को छोड़ कर सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं दी गई है। जन सुराज के जिला अभियान समिति संयोजक जावेद अहमद खान ने कहा कि सभी पदाधिकारियों का संयुक्त रूप से निर्णय है कि वो अपने सभी लोगों के साथ इस्तीफा दे दें, लेकिन गयाजी टाउन से धीरेन्द्र अग्रवाल और गुरुआ से जदयू के पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजीव श्याम सिंह आदि ऐसे हैं, जो पैराशूट से उतरे हैं, एक दिन भी उनकी पार्टी के लिए कोई सेवा नहीं की। गुरुआ और शेरघाटी से रामाधार सिंह ने हजारों लोगों को सदस्य बनाया, उनका लाखों रुपये खर्च कराया और अंतिम समय बिना जिला कमेटी से बात किए उनकी टिकट काट दी गई।

## जिले के 10 विस सीटों पर 108 उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

**पटना (एजेंसी) :** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी हैं। सारण जिले की 10 विधानसभा सीटों पर 108 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एकमा में 10, मांझी में 12, बनियापुर में 8, तरैया में 14, मढ़ौरा में 9, छपरा में 10, गरखा में 13, अमनौर में 12, परसा में 12, तथा सोनपुर में 8 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रथम चरण के तहत इन सीटों पर मतदान 6 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भागलपुर में काली पूजा की धूम, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भागलपुर (एजेंसी) :** काली पूजा को लेकर भागलपुर के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भक्तिमय माहौल देखने को मिल रहा है। मंगलवार तड़के सुबह से ही श्रद्धालु मां काली के मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। परवत्ती बुढ़िया काली, जोगसर काली, इशाकचक बुढ़िया काली, मानिकपुर बुढ़िया काली मंदिर सहित शहर के विभिन्न काली मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झालरों से सजाया गया है। भजन-कीर्तन और घंटा-घड़ियाल की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। महिलाएं और बच्चे नए वस्त्र धारण कर मां काली के चरणों में दीप और पुष्प अर्पित करते नजर आए। शहर के प्रमुख पूजा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### गयाजी में फिल्मी स्टाइल में मर्डर

**गया (एजेंसी) :** गयाजी में दीवाली के दिन सुबह-सुबह अपराधियों ने बैक टू बैक 4 गोली मारकर युवक की हत्या कर दी। मर्डर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें 3 लड़के गोली मारते दिखाई दे रहे हैं। मृतक की पहचान बैरागी मोहल्ले के उपेंद्र पासवान के बेटे सुभाष कुमार (19) के तौर पर हुई है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। मृतक के पिता ने मेयर गणेश पासवान और वार्ड पार्षद कुंदन कुमार के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पिता ने बताया कि, 'बेटा सुबह किसी काम से घर से निकला था। तभी पहले से घात लगाए बदमाशों ने उसे नजदीक से गोली मार दी।

### पटाखे से घर जला, लाखों का नुकसान

**नवादा (एजेंसी) :** जिले में सिरदला प्रखंड क्षेत्र के परनाडाबर थाना अंतर्गत साढ़ गांव के बढ़ार मुहल्ले में मंगलवार को दोपहर करीब 2 बजे पटाखे की चिंगारी से एक गरीब परिवार का घर जलकर राख हो गया। दीपावली के त्योहारी माहौल के बीच अचानक लगी आग से पूरे मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घर के मालिक कैलाश मिस्त्री ने बताया कि आग कैसे लगी, यह किसी को पता नहीं चल सका, लेकिन आसपास पटाखे फूट रहे थे। उस समय घर की महिलाएं खेत की ओर गई हुई थीं।

### नालंदा जिले में अवैध मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार



**नालंदा (एजेंसी) :** बिहार में नालंदा जिले के विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में इस्लामपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना केआधार पर सुही गांव में छापेमारी कर एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने मौके से पांच देसी कट्टा, दो मोबाइल फोन और हथियार बनाने में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में उपकरण बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने मौके पर से मुख्य आरोपी रमण विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया है। डीएसपी (हि लसा -2 एवंइसलामपुर) कुमार ऋषि राज ने बताया किआरोपी रमण विश्वकर्मा अपने घर के साथ लगे लोहे के गेट और खिड़की बनाने वाले कारखाने में गुप्त रूप से हथियार बनाने का काम करता था। गुप्त सूचना के आधार पर इस्लामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय के नेतृत्व में एसटी एफ, डी आईयू टी म और सी एपी एफ बल के सहयोग से संयुक्त छापेमारी की गई।

## 61 सीएपीएफ कंपनियों संग डीएम ने की समीक्षा बैठक



**समस्तीपुर (एजेंसी) :** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 61 कंपनियों के कमांडिंग अफसरों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कंपनी कमांडरों का स्वागत किया और निर्वाचन कार्यों के संचालन में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने बताया कि अब तक जिले में 61 कंपनियां पहुंच चुकी हैं, जबकि कुल 120 से 125 कंपनियों के आने की संभावना है। "निर्वाचन आयोग का उद्देश्य पूरी पारदर्शिता और शांति के साथ मतदान संपन्न कराना है। किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था की चूक स्वीकार्य नहीं होगी। सभी सुरक्षा बल अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त एवं सतर्क निगरानी बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि 24 अक्टूबर को माननीय प्रधानमंत्री के समस्तीपुर में दो स्थानों पर होने वाले जनसभाओं को लेकर विशेष तैयारी की जाए।

## बकरा नदी में डूबने से तीन बच्चियों की मौत, एक की खोजबीन जारी

**अररिया (एजेंसी) :** अररिया के जोकीहाट में तीन बच्चियों के बकरा नदी में डूबने से मौत हो गई। जबकि कामत घाट पर बकरा नदी में एक बालक डूब गया है, जिसकी खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम लगी हुई है। एक बच्ची का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है, जिसकी हालत नाजुक बताई जाती है। दो अलग अलग घटना है। बच्चियों की डूबने की घटना जहां सोमवार शाम की है। वहीं बालक के डूबने की घटना मंगलवार सुबह की है। ग्रामीणों के अनुसार, जोकीहाट थाना क्षेत्र के तारण गांव में सोमवार की संध्या चार बच्ची बकरा नदी के तट पर मिट्टी लाने के लिए गई हुई थी। इसी क्रम में एक बच्ची डूबने लगी। जिसे देखकर अन्य बच्चियों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। जिसमें चार बच्चियां डूब गई।

## आग से नगद समेत घर में रखे हजारों की संपत्ति राख

**बेतिया (एजेंसी)।** नौतन थाना क्षेत्र के मठु अहाँ सिंहुलिया गांव में मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे बिजली के शर्ट सर्किट से लगी आग से मोतीलाल पासवान का घर में रखे नगद समेत हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।गृह स्वामी ने बताया कि वह फल बेचने का व्यापार करता है। जहां गांव गांव घूमकर वह सेव,केला,अनार आदि फलों को बेचता है।

## बिहार में दीपावली पर 750 करोड़ के पटाखे फूटे



**पटना (एजेंसी) :** बिहार में दीपावली धूमधाम से मनाई गई। जमकर आतिशबाजी हुई। बिल्डिंग्स रंग बिरंगी लाइट्स की रोशनी से जगमगा उठीं। बिहार सरकार की हाउस होल्ड रिपोर्ट के अनुसार 2.80 करोड़ घर हैं। इनमें करीब 15 से 17 प्रतिशत मुस्लिमों के घर हैं। इस हिसाब से करीब 2.30 करोड़ हिंदू घरों में दीपावली मनाई गई। हालांकि, कई कारोबार में मुस्लिम परिवार भी लगे हुए हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार, पूरे बिहार में दीपावली पर करीब 2200 से तीन हजार करोड़ कारोबार होने की उम्मीद है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार इस बार वोकल फॉर लोकल पर लोगों का फोकस है। लोगों ने चाइनीज झालर की बजाय, देसी लाइट और मिट्टी के दीयों की ज्यादा खरीदी की।

## पुलिसकर्मियो की शहादत को नमनः डीआईजी



**डेहरी आन सोन (एजेंसी) :** देश के आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के साहस ,समर्पण और उनकी सेवा को हम कभी नहीं भूलेंगे। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने मंगलवार को पुलिस लाइन में पुलिस संस्मरण दिवस पर देश व राज्य के आंतरिक सुरक्षा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी देश की आंतरिक सुरक्षा में अपनी से लड़ते लड़ते शहीद होते हैं ।अपनी जान को निछावर कर कर्तव्य का निर्वहन करते हैं । कहा कि सीमा के बॉर्डर पर दुश्मन का तो पता होता है लेकिन यहां अपने ही समाज में रहने वाले दुश्मनों से लड़ना होता है।

पुलिसकर्मियों को दुश्मन पहचानना, मानवाधिकार की रक्षा करना, भीड़ की भी सुरक्षा करना और समाज में ही रह रहे असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करना है। जरूरत पड़े तो इन काउंटर करना पड़ता है। उन्होंने ने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 को ऐतिहासिक दिवस था जब हमारी पैरामिलेट्री फोर्स की एक टुकड़ी लद्दाख रीजन में चाइनीज टूल के साथ में लड़ाई के समय उनके द्वारा वीरता का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए अपने प्राणों के नवछावर किया था। हम सब पूरे देश में उस तारीख से उनकी याद में पुलिस संस्मरण दिवस मनाते हैं। आज के दिन हम उनको याद करते हैं। उनकी वीरता को याद करते हैं और उनके परिवार को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूरे देश भर में कुल 191 पुलिस पदाधिकारी कर्मियों ने अपने प्राणों को निछावर किया है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**भागलपुर (एजेंसी) :** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मंगलवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदयकांत की अगुवाई में पुलिस केंद्र स्थित स्मारक स्थल पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को याद करते हुए शोक सलामी दी गई। इस श्रद्धांजलि समारोह में पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (प्रथम एवं द्वितीय), पुलिस उपाधीक्षक यातायात सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। सभी ने शहीदों के योगदान को नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखा और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि शहीदों का बलिदान पुलिस विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत है और उनकी स्मृति हमें सदैव कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर सभी ने पुलिस बल के समर्पण, साहस और बलिदान को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कारोबार

# मुहूर्त ट्रेडिंग में शेयर बाजार को मामूली बढ़त



नई दिल्ली (एजेंसी) : दिवाली के दिन होने वाली परंपरागत मुहूर्त ट्रेडिंग में घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें साल बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की थी। हालांकि कारोबार शुरू करने के कुछ देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी कुछ समय के लिए लाल निशान में भी गिर गए। इसके बाद आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त हासिल करके बंद होने में सफल रहे। मुहूर्त ट्रेडिंग के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आपको बता दें कि 2018 से ही मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान शेयर बाजार लगातार मजबूती के साथ बंद होता रहा है। मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर को छोड़ कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। मेटल, मीडिया, पावर, टेलीकॉम और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में आज लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान एनएसई में 2,740 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,127 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 613 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 121.30 अंक की मजबूती के साथ 84,484.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद थोड़ी देर में ही ये सूचकांक 302.07 अंक की तेजी के साथ 84,665.44 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण मुहूर्त ट्रेडिंग खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 76.97 अंक की कमजोरी के साथ 84,286.40 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 140 अंक की रिकवरी करके 62.97 की बढ़त के साथ 84,426.34 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा।

## जयंत चौधरी ने फिलीपींस में ज्ञान विनिमय मिशन का नेतृत्व किया



**नई दिल्ली (एजेंसी) :** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी 20-22 अक्टूबर तक फिलीपींस में एक उच्चस्तरीय ज्ञान आदान-प्रदान मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। यह कार्यक्रम विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस मिशन में प्रवासी श्रमिक विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण, फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण और प्रवासी श्रमिक कल्याण प्रशासन जैसे प्रमुख फिलीपींस संस्थानों के साथ रणनीतिक सहयोग शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य कौशल विकास, श्रम गतिशीलता और डेटा-आधारित नीतिगत ढांचों से संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है।

## ग्लोबल मार्केटः एशिया में भी चौतरफा तेजी का रुख



**नई दिल्ली (एजेंसी) :** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज सांकेतिक बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज चौतरफा तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,735.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 310.57 अंक यानी 1.37 प्रतिशत उछल कर 22,990.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 46,709.11 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,403.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,206.07 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 427.81 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,258.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। भारत में होने वाले मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर एशियाई बाजारों से भी आज शानदार रौनक के संकेत मिल रहे हैं। एशिया के सभी 9 बाजार आज मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं।

## सर्राफा बाजार में फिसला सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी) :** दिवाली के अगले दिन आज घरेलू सराफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,30,680 रुपये से लेकर 1,30,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज भी 1,19,790 रुपये से लेकर 1,19,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज भी 1,71,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,830 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# लखनऊ में योगी के सामने रोने लगी शहीद की पत्नी

## सीएम बोले: सरकार शहीदों के परिवार के साथ खड़ी है, पुलिसकर्मियों को मॉडर्न ट्रेनिंग जरूरी

**संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में मंगलवार को लखनऊ रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समारोह में पहुंचे। उन्होंने परेड को सलामी दी। शोक पुस्तिका ली। शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया। इस दौरान भावुक होकर शहीद की पत्नी रोने लगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार शहीदों के परिवार के साथ खड़ी है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस के 3 शूरवीर इंस्पेक्टर सुनील कुमार (एसटीएफ), हेड कॉन्स्टेबल दुर्गेश कुमार सिंह (जौनपुर) और कॉन्स्टेबल सौरभ कुमार (गौतमबुद्धनगर) शहीद हुए थे। उन्हें नमन किया गया। उनके शौर्य की सराहना हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों की वीरता को मान्यता देने के लिए गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस 2025 पर 34 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति वीरता पदक, 11 को विशिष्ट सेवा पदक, 145 को दीर्घ सेवा पदक प्रदान किए गए। गृह मंत्रालय द्वारा 763 पुलिस अधिकारियों को अति-उत्कृष्ट सेवा पदक और 486





को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से 3 पुलिसकर्मी सम्मानित हुए, जबकि डीजीपी स्तर पर 33 प्लेटिनम, 115 गोल्ड और 789 सिल्वर प्रशंसा चिह्न प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध ड्रग एवं मादक पदार्थ के विरुद्ध 1 जनवरी 2022 से 21 सितंबर 2025 तक विशेष अभियान के अंतर्गत 39,427 संदिग्ध के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने पराक्रम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से नई पहचान बनाई है। हमारी सरकार पुलिस बल के मनोबल को ऊँचा रखने और जनता के प्रति उसकी जवाबदेही को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। राज्यभर में 19,840 महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति और 9,172 नई महिला बीट्स बनाई गई हैं। उन्होंने कहा, मिशन शक्ति केंद्र अब महिला शिकायतकताओं को न्याय की प्रक्रिया पूरी होने तक मानसिक, कानूनी और सामाजिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 मार्च 2017 से अब तक अपराधियों पर की गई कार्रवाई में 257 से अधिक कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि 1,745 पुलिसकर्मी घायल हुए। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 26,920 से अधिक अभियुक्तों पर कार्रवाई और 14,467 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। उन्होंने कहा, हमारी जीरो टॉलरेंस नीति ने अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पैदा किया है। सीएम योगी ने कहा कि नए दौर की पुलिस के लिए आधुनिक प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। अब प्रशिक्षण में कानूनी ज्ञान के साथ तकनीकी दक्षता, साइबर अपराध की जांच और संवेदनशील संवाद मॉडल को शामिल किया गया है। हम नई पीढ़ी की ऐसी पुलिस तैयार कर रहे हैं जो जमीन, तकनीक और संवेदना तीनों में समान रूप से मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस बल के लिए 31,968 नए पद सृजित किए गए हैं। अयोध्या, मिजार्पुर, चंदौली और सिद्धार्थनगर में कर जल पुलिस चौकियों को स्वीकृति दी गई है। 130 महिला थाने, 40 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने, 75 साइबर क्राइम थाने, 6 एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाने, भ्रष्टाचार निवारण संगठन को भी सशक्त करते हुए 18 इकाइयों को थाने के रूप में अधिसूचित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद से अब तक पुलिस विभाग में 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्ती की गई है, जिनमें 34 हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। एक लाख से अधिक पुलिसकर्मियों को पदोन्नति दी गई है। वर्तमान में 2.8 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रचलित है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर मजबूती से काम कर रही है।पुलिसकर्मियों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं लागू की हैं। जीवन रक्षा निधि से गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु 6.64 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। जीवन बीमा योजना के अंतर्गत 374 आश्रितों को 11.86 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 124 मृतक पुलिसकर्मियों के परिवारों को 67.76 करोड़ रुपए का भुगतान कराया गया सामान्य भविष्य निधि से संबंधित 519 मामलों में 11.85 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 की सफलता में उत्तर प्रदेश पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र ने अनुशासन और व्यवस्था के उच्चतम मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुलिस बल को बधाई दी। 1985 के अधीन पुलिस मुख्यालय संवर्ग के 108 पुलिस कार्मिक को जीपीएफ से अग्रिम धनराशि की स्वीकृति भी प्रदान की गई। पुलिसकर्मियों के 234 मेधावी बच्चों को उत्तर प्रदेश पुलिस शिक्षा निधि के अंतर्गत 51,10,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस पर लखनऊ रिजर्व पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज हम सब उन समस्त वीर पुलिसजनों को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। प्रदेश सरकार शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों के कल्याण के लिए पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।भविष्य में भी उनके सम्मान व सुविधाओं के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। पिछले एक वर्ष में कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए 96 पुलिसकर्मियों, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और अन्य राज्यों की सेनाओं में कार्यरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों के परिवारों को 30 करोड़ 70 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के संग रोटरी ने मनाई दीपावली



**संवाददाता**

**कसया (कुशीनगर)।** दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों ने कसया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ दीप जलाकर, फुलझड़ी, चरखी और गुज्जे (अनार) चलाकर दीपोत्सव की खुशियां साझा कीं। इस दौरान पूरे परिसर में दीपों की जगमगाहट और मुस्कुराहटों का सुंदर संगम देखने को मिला।

रोटरी सदस्यों ने वृद्धजनों को मिष्ठान और फल वितरित कर उनके साथ स्नेह और अपनापन बांटा। रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दीपोत्सव वृद्धाश्रम में मनाकर हमें आत्मिक संतुष्टि मिली। वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि ह्लरोटरी क्लब प्रत्येक त्यौहार वृद्धजनों के साथ मना कर उन्हें अपनेपन का एहसास कराता है। इस अवसर पर सह संरक्षक वाहिद अली, अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, सत्येंद्र राय, अमित श्रीवास्तव, अरुण वर्मा, दीपेश सिंह, आदिल खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सेवा और समर्पण का पर्व: सोनभद्र के एसएसएस परिवार ने मनाई जरूरतमंदों के साथ दीपावली

**संवाददाता**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश रो शनी का त्योहार दीपावली जहाँ पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया, वहीं सोनभद्र जिले के कोटा ग्राम पंचायत के आबादी गाँव और आस-पास के क्षेत्रों में होटल एस.एस.एस. के मालिकों (सत्यम, शिवम, सुंदरम,) परिवार और साथी अरविंद शुक्ला जी ने सेवा और समर्पण के भाव से इस पर्व को खास बना दिया। पिछले कई सालों से निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा में लगे इस समूह ने जरूरतमंदों के बीच कपड़े और मिठाई बाँटकर उनके जीवन में खुशियों की रोशनी बिखेरी। एस.एस.एस. परिवार के सदस्य सत्यम मिश्रा, शिवम मिश्रा, सुंदरम मिश्रा और उनके सहयोगी अरविंद शुक्ला जी ने दीपावली के अवसर पर एक सराहनीय पहल की। उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों के लिए मॉल से नए कपड़े खरीदे और स्वयं उनके घर-घर जाकर उन्हें भेंट



किए। इस प्रयास से बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान ने त्योहार की खुशियों को कई गुना बढ़ा दिया। शिवम मिश्रा ने बताया कि उनकी टीम का उद्देश्य सिर्फ त्योहार मनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाना है। उनकी टीम नियमित रूप से स्कूलों और विद्यालयों तक पहुँचकर बच्चों को कॉपी, किताबें, मिठाइयाँ और खाने की सामग्री उपलब्ध कराती है, ताकि वे बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। शिवम मिश्रा ने बताया कि यह सेवा कार्य वह बचपन से ही अपने पिताजी के मार्गदर्शन में देखते हुए आए हैं और तभी से समाज और बच्चों के भविष्य को संवारने में लगे हैं। शिवम मिश्रा का दृढ़ मत है कि "एक मानव द्वारा दूसरे मानव की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।" उनका मानना है कि इस धर्म में सभी को एक होकर सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य करना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कुछ लोग केवल अपने विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिसकी वजह से आज भी भारत में गरीबी व्याप्त है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि यदि हर व्यक्ति एक-दूसरे की मदद करे तो गरीबी को देश से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने मतलबी प्रवृत्ति वाले लोगों पर भी कटाक्ष किया, जो मानव सेवा के कर्तव्य को भूलकर सिर्फ अपना हित साधते हैं। एस.एस.एस. परिवार की टीम केवल दीपावली पर ही नहीं, बल्कि हर साल त्योहारों के दौरान विभिन्न विद्यालयों में जाकर किताबें और अन्य जरूरतमंद सामग्री वितरित करती रही है। इस नेक कार्य में अरविंद शुक्ला जी भी बढ़-चढ़कर साथ दे रहे हैं। उनका भी स्पष्ट मानना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। उनका सहयोग एस.एस.एस. परिवार के सेवा संकल्प को और अधिक मजबूत करता है। सोनभद्र के एस.एस.एस. परिवार का यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है कि सच्चा त्योहार तभी मनाया जाता है जब हम अपनी खुशियों को दूसरों के साथ बाँटते हैं और जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीद की नई किरण लाते हैं।

## गोरखपुर में युवक की मौत पर पथराव, 6 पुलिसवाले घायल

**गोरखपुर।** पिटाई से घायल एक व्यक्ति की 16 दिनों बाद हॉस्पिटल में मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने मंगलवार सुबह शव रखकर सड़क जाम कर दिया। कई घंटे तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाया। लोग नहीं माने तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस के लाठी पटकते ही लोग लाश छोड़कर दूर हटे तो पुलिसवालों ने जल्दी से परिजनों से लाश छीनकर पिकअप पर लाद लिया। परिवार के लोग चिल्लाते हुए गाड़ी पर चढ़ गए। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे लोग फिर पहुंच गए। पुलिस और परिवार के लोगों के बीच झड़प हुई। लोग काफी उग्र हो गए तो पुलिसवालों को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद परिजन खाट पर लाश रखकर फिर धरने पर बैठ गए। मामला बिगड़ता देख एसडीएम सदर और एसपी नार्थ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजन को समझाया। इसके बाद पुलिस ने सुबह करीब 11.30 बजे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेजा। परिजन मांग कर रहे थे



कि परिवार को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को नौकरी दी जाए। नौसड़ चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की जाए। इनका आरोप था कि चौकी इंचार्ज आरोपियों को बचा रहे हैं। करीब चार घंटे तक चले बवाल के दौरान 5 थानों की पुलिस मौजूद रही। इसके बाद शाम 5 बजे पोस्टमॉर्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंपी गई। एक बार फिर परिजन नोसड़ तिराहे पर बॉडी को रखकर प्रदर्शन करने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उन्हें हटाना चाहा, तो धक्का मुक्की शुरू हुई। गुस्साए परिवार के लोगों ने पुलिस पर पथराव किया। 1 दरोगा समेत 6 पुलिस वाले इसमें घायल हो गए। दरअसल, दुर्गा पंडाल लगाए जाने को लेकर नौसड़ के जवाहर चक में 4 अक्टूबर को विवाद हो गया था। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। गीडा थाना क्षेत्र के नौसड़ के जवाहर चक निवासी हनुमान चौहान (40) का दुर्गा पूजा में पांडाल लगाने को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि 4 अक्टूबर को गांव के ही रोशन चौहान ने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर हनुमान पर हमला बोल दिया। मारपीट में हनुमान के सिर में गंभीर चोट आई। परिजन घायल हनुमान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां से मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख लखनऊ हायर सेंटर रेफर कर दिया था।

## मानवता की दिवाली: विश्व हिंदू महासंघ ने सोनभद्र के ओबरा में गरीबों के घर-घर जाकर बांटी खुशियाँ

**संवाददाता**

---------------------

**ओबरा, सोनभद्र।** (पूर्वांचल का सबसे मशहूर जिला) झ दीपों के महापर्व दीपावली के शुभ अवसर पर, सोनभद्र जिले के ओबरा नगर में विश्व हिंदू महासंघ ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए मानवता और सेवा का संदेश दिया है।

महासंघ ने मानव एक मानव की सेवा के ध्येय को चरितार्थ करते हुए गरीब और असहाय लोगों के घर-घर जाकर मिठाई और मोमबत्तियाँ वितरित कीं, ताकि उनके जीवन में भी खुशियों का उजियारा फैल सके। यह पुनीत कार्य विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और तत्वाधान में संपन्न हुआ। शनिवार को ओबरा शहर के गरीब बस्तियों और जरूरतमंद परिवारों के बीच महासंघ के पदाधिकारियों ने पहुँचकर दीपावली की खुशियाँ बांटी।

प्रदेश मंत्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा, दीपावली केवल अपने घर को सजाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह दूसरों के जीवन में भी रोशनी लाने का त्योहार है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी परिवार इस खुशी के



मौके पर वंचित न रहे। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और विश्व हिंदू महासंघ इसी संदेश को लेकर समाज के बीच कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि छोटी सी मदद भी किसी के चेहरे पर बड़ी मुस्कान ला सकती है, और यही इस अभियान का सबसे बड़ा प्रतिफल है। इस सेवा कार्य में विश्व हिंदू महासंघ के नगर और जिला इकाई के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

मौके पर उपस्थित प्रमुख लोगों में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे, प्रिंट मीडिया के प्रदेश मंत्री न्यूटन सिंह, जिला संरक्षक सोनभद्र ओमप्रकाश सिंह, नगर अध्यक्ष सर्वेश दुबे, खरवार समाज के अध्यक्ष नंदकेश्वर सिंह खरवार, भारतीय जनता पार्टी की महामंत्री पुष्पा दुबे, और सक्रिय कार्यकर्ता रीता कुमारी एवं हेमलता जायसवाल शामिल थे। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर गरीब परिवारों को मिठाई, मोमबत्ती और अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट कीं, और उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस पहल से गरीब तबके के लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष का भाव साफ झलक रहा था, जिसने मानवता की सेवा' के संदेश को और अधिक सशक्त बना दिया।विश्व हिंदू महासंघ द्वारा किया गया यह कार्य समाज में एक सकारात्मक संदेश दे रहा है। क्षेत्रवासियों ने महासंघ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्योहारों के इस माहौल में जरूरतमंदों की मदद करना वास्तविक धर्म है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक समरसता और एकजुटता को बल मिलता है। विश्व हिंदू महासंघ ने यह स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और सेवा कार्यों को जारी रखा जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### पुलिस ने चुराये गये सामान के साथ दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**हमीरपुर।** अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मुस्करा पुलिस ने कैची पुलिया ग्राम चिल्ली की कैची पुलिया के पास से थाना क्षेत्र के खड़ही लोधन निवासी 24 वर्षीय शातिर चोर दुर्गेश कुमार पुत्र छत्रपाल खंगार, जबकि 26 वर्षीय अश्वनी राजपूत पुत्र हरिशंकर राजपूत को चोरी का एक अदद तार काटने वाला प्लास,तीन बण्डल बिजली का तार सहित एक अदद मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना रंग सिल्वर नंबर यूपी91सी- 3555 के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस की पूंछतांछ में बताया कि ग्राम मसगांव में नई विद्युत लाइन का तार डाला जा रहा था, वहीं खम्भे से विद्युत तार चोरी कर बेचने जा रहे थे। बिजली तार चोरी के मामले में मुस्करा थाने में 17 अकतबर 2025 को दोनों चोरों के खिलाफ मु0अ0सं0 235/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. तहत दर्ज किया गया था, इस मामले में बाद में धारा 317(2) बी.एन.एस. बढाई गई। दोनों शातिर चोरो को अदालत पेश किया गया। चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई दिनेश प्रसाद, हेड कांस्टेबल हरभूषण दुबे, कांस्टेबल प्रसून पाण्डेय सहित कांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे।

### दीप पर्व पर लक्ष्मी गणेश का पूजन कर की गई सुख समृद्धि की कामना

**संवाददाता**



**कुशीनगर।** प्रकाश पर्व दीपावली जनपद, नगर सहित ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर माता लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन अर्चन कर सुख, समृद्धि की श्रद्धालुओं ने कामना की। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाया और दीपावली की शुभकामनाएं दी। युवा और बच्चों ने पूरी रात जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की। सोमवार सुबह से ही महिला, पुरुष, बच्चे दीपावली की तैयारी में लग गई। लड़कियों ने आकर्षक रंगोली बनाई। घरों को प्रकाश, झंडी पताके से सजाया गया। शाम होते घरों में घी और सरसों के तेल के दीप जलाएं गए। यह दीप लोग घरों, काली स्थान, देवालय, शिवालय आदि स्थानों पर सजाने के साथ पूजन किया गया। घरों में माता लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बेदी और चौक बनाया गया तथा पूजन किया गया। कसया, पडरौना, हाटा, कप्तानगंज, तमकुहीराज, खड्डा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीप पर्व मनाया गया। दीप पर्व के मौके पर पूरा वातावरण दियों, झालरों की रौशनी से जगमग हो उठा। लोगों ने सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर शेयर किया। कसया तहसील, नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी डॉ संतराज सिंह बघेल, सीओ कुंदन सिंह, एसएचओ अभिनव मिश्रा के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी के जवान मुस्तैद रहे। इस अवसर पर गणमान्य जनों ने अपने करीबी लोगों को उपहार, मिष्ठान देकर दीपावली की बधाई दी।

### 22 अक्टूबर को जोकवा बाजार में विराट कुश्ती दंगल व सांस्कृतिक संध्या आयोजित

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर फाजिलनगर विकास खंड अंतर्गत जोकवाबाजार में राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल एवं भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन आगामी 22 अक्टूबर, दिन बुधवार को किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर में कुश्ती दंगल से प्रारंभ होगा और सायंकाल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न होगा। इस आयोजन में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री राजेश जायसवाल तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री नागेंद्र गुप्ता की मुख्य भूमिका है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय जनता से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने की अपील की है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय भाईचारा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूती देना है। इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को भी मंच देने का कार्य करते हैं।वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि जोकवाबाजार की धरती हमेशा से सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजनों में अग्रणी रही है। इस बार का आयोजन और भी भव्य व प्रेरणादायक होगा। क्षेत्रवासियों को गौरव का अनुभव होगा। आयोजन की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

### प्रकाश पर्व पर पौधरोपण कर राकेश जायसवाल ने दिए पर्यावरण संरक्षण के संदेश



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** नपा कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश जायसवाल ने प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर के वार्डों में फलदार पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सोमवार को दीपावली के पावन बेला में नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने नगर वासियों को दीपावली, भैया दूज, गोबर्द्धन पूजा, महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से बढ़ते प्रदूषण से बचाव के लिए पौधरोपण को जन आंदोलन बनाया जाय। धरती का हरित परिधान से श्रृंगार करें और पृथ्वी को जीवन के लिए बचाएं। अपील किया कि जलाशयों, नदियों, पोखरों को स्वच्छ रखा जाय। क्योंकि स्वच्छ वातावरण सबके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान नगर कर्मी, वार्ड वासी मौजूद रहे।

## एसबीआई से 40 लाख का होम लोन लेने के लिए आपकी मासिक सैलरी कितनी होनी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक से घर खरीदने के लिए लोन लेने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। एसबीआई फिलहाल 7.5 प्रतिशत की शुरुआती ब्याज दर पर होम लोन दे रहा है लेकिन सवाल यह उठता है कि 40 लाख का होम लोन लेने के लिए आपकी मासिक सैलरी कितनी होनी चाहिए आइए जानते हैं। एसबीआई के नियमों के अनुसार 40 लाख का होम लोन 30 साल की अवधि के लिए लेने पर आपकी मासिक सैलरी 56,000 होनी चाहिए। यह कैलकुलेशन 7.5 प्रतिशत की सालाना ब्याज दर पर आधारित है। बैंक आपकी सैलरी का 50 प्रतिशत तक किस्त के तौर पर ले सकता है इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आप पर पहले से कोई बड़ा लोन न हो। यदि आप 7.5 प्रतिशत की ब्याज दर पर 30 साल के लिए 40 लाख का होम लोन लेते हैं तो आपको हर महीने करीब 28,000 की किस्त चुकानी होगी। यह राशि सीधे आपके बैंक अकाउंट से कट जाएगी। यह गणित बताता है कि बैंक यह सुनिश्चित करता है कि आपके पास किस्त भरने के बाद भी आपने खर्चों के लिए पर्याप्त पैसा बचे।

## पेंशन नियमों में बड़ा बदलाव, 1 अक्टूबर से बदल जाएगा नियम

नई दिल्ली, एजेंसी। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी ने नेशनल पेंशन सिस्टम से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। 1 अक्टूबर 2025 से गैर-सरकारी सब्सक्राइबर्स अपनी पूरी पेंशन रकम को 100 प्रतिशत इक्विटी (शेयर बाजार) से जुड़ी स्कीम में निवेश कर सकेंगे। अभी तक इक्विटी में निवेश की सीमा 75 प्रतिशत तय थी, जिसे अब हटा दिया गया है। नए बदलावों के तहत सब्सक्राइबर्स को एक से ज्यादा स्कीमों में निवेश करने की आजादी मिलेगी यानी अब निवेशक अपनी उम्र, जरूरत और जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर अपनी पेंशन राशि को इक्विटी, डेब्ट या बैलेंस्ड फंड जैसी विभिन्न स्कीमों में बांट सकेंगे। इससे एनपीएस पहले की तुलना में कहीं अधिक लचीला हो जाएगा। इसके अलावा, निवेशक चाहें तो 50 या 55 साल की उम्र में ही अपनी पेंशन की रकम निकाल सकेंगे। वहीं अगर कोई निवेश जारी रखना चाहता है तो वह 75 साल तक पैसा जमा कर सकता है। यह बदलाव खास तौर पर उन प्रोफेशनल्स, सेल्फ-एम्प्लॉयड लोगों और कॉरपोरेट सेक्टर में काम करने वालों के लिए फायदेमंद साबित होगा, जिनकी जरूरतें और प्लानिंग अलग होती हैं। भले ही एनपीएस में निवेश की नई छूट दी गई है लेकिन सुरक्षा से जुड़े नियम पहले जैसे ही रहेंगे। पेंशन अकाउंट पोर्टेबल होंगे और सब्सक्राइबर्स चाहें तो किसी भी पेंशन फंड मैनेजर के साथ अपना खाता आसानी से ट्रांसफर कर सकेंगे। सबसे अहम बात यह है कि रकम निकालने के समय कुल राशि का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा अन्युटी में लगाना जरूरी होगा, ताकि रिटायरमेंट के बाद नियमित आय सुनिश्चित की जा सके। पेंशन फंड के एमडी और सीईओ श्रीराम अय्यर का कहना है कि यह नया फ्रेमवर्क एनपीएस को रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए और आकर्षक बना देगा। उनके मुताबिक 100 प्रतिशत इक्विटी निवेश का विकल्प और 15 साल बाद पैसा निकालने की सुविधा खासकर युवा निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद होगी।

## बैन और फ्रॉड के बाद गेमिंग कंपनी की बढ़ी मुसीबत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में रियल मनी गेमिंग पर लगाए गए सख्त प्रतिबंध और कंपनी में सामने आए घोटाले संकट में डाल दिया है। सरकार के बैन और पूर्व सीईओ पर लगे फ्रॉड के आरोपों के बीच कंपनी ने लगभग 120 कर्मचारियों की छंटनी की है, जिससे उनके करियर और सेक्टर की स्थिरता दोनों प्रभावित हुई हैं। यह फैसला कंपनी-व्यापी पुनर्गठन और सरकारी नियमों में बदलाव के कारण लिया गया। हाल ही में भारत सरकार ने ऐसे ऑनलाइन गेम्स पर रोक लगाई है जिनमें असली पैसे से दांव लगाया जाता है और जीत की संभावना रहती है। रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म का बिजनेस मॉडल प्रभावित हुआ है। कंपनी के फाउंडर पृथ्वी सिंह ने कहा कि यह निर्णय उनके लिए कठिन था और उन्होंने छंटनी किए गए कर्मचारियों का योगदान सराहा। प्रभावित कर्मचारियों को उनके पैकेज, छुट्टियों का पैसा और मार्च 2026 तक ग्रुप हेल्थ बीमा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।
इस बीच, कंपनी को एक और संकट का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सीईओ रमेश प्रभु पर 270 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगा है। कंपनी ने उनके खिलाफ बेंगलुरु में एफआईआर दर्ज करवाई है।

# अनाज और कपास व्यापार का हब

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को विकास की रीढ़ कहा जाता है। यह क्षेत्र न केवल करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, बल्कि नवाचार को बढ़ावा देने और स्थानीय व क्षेत्रीय विकास को गति देने में भी बड़ी भूमिका निभाता है। इन्हीं संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा के लिए अमर उजाला की ओर से 'एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जा रहा है। रोहतक में एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव का आयोजन 18 सितंबर को दोपहर 11 से 2 बजे तक होगा। इसका अयोजन स्थल राधाकृष्णन सभागार, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय है। इस अवसर पर उद्योग, व्यापार और विकास जगत से जुड़े कई प्रमुख लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री श्री राजेश नागर होंगे। इस मंच पर विशेषज्ञ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, वित्त तक आसान पहुंच, सप्लाई चेन के आधुनिकीकरण, निर्यात विस्तार, कौशल विकास और नीति सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा करेंगे। साथ ही, फंडिंग के नए विकल्प, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की आधुनिक तकनीकें तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के व्यावहारिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला जाएगा। वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर दिया जाएगा। इस मंच पर विशेषज्ञ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, वित्त तक आसान पहुंच, सप्लाई चेन के आधुनिकीकरण, निर्यात विस्तार, कौशल विकास और नीति सुधार जैसे अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही, फंडिंग के नए विकल्प, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की आधुनिक तकनीकें तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के व्यावहारिक उपयोग पर भी रोशनी डाली जाएगी।



**अर्बन कंपनी के आईपीओ ने एक्सेल पर बरसा दिया पैसा**

# 14.3 करोड़ लगाकर 390 करोड़ की कमाई




नई दिल्ली, एजेंसी।
सिलिकॉन वैली की एक बड़ी कंपनी एक्सेल ने फिर कमाल कर दिया है। एक्सेल पहले फेसबुक में निवेश करने के लिए जानी जाती है। अब अर्बन कंपनी में निवेश करके कंपनी ने बहुत अच्छा मुनाफा कमाया है। अर्बन कंपनी का आईपीओ बुधवार को शेयर बाजार में करीब 58 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ।

एक्सेल ने दस साल पहले अर्बन कंपनी में 14.3 करोड़ रुपये का निवेश किया था। तब कंपनी ने शेयर 3.77 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीदे थे। आईपीओ में शेयर का भाव 103 रुपये था। इस हिसाब से एक्सेल के 14.3 करोड़ रुपये के शेयर अब 390 करोड़ रुपये के हो गए। यानी कंपनी को लगभग 27 गुना फायदा हुआ है।

**कुल 55 करोड़ रुपये का निवेश:** एक्सेल ने अर्बन कंपनी में कुल 55 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इससे कंपनी को 14.56 करोड़ शेयर मिले थे। आईपीओ के भाव के हिसाब से इन शेयरों की कीमत 1,500 करोड़ रुपये से ज्यादा है। एक्सेल ने 390 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं। फिर भी उसके पास 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा के शेयर बचे हैं।

### पहले भी कमाया है मुनाफा

एक्सेल ने पहले भी कई कंपनियों में निवेश करके अच्छा मुनाफा कमाया है। फेसबुक में कंपनी का निवेश 800 गुना बढ़ गया था। भारत में अर्बन कंपनी से कंपनी का पोर्टफोलियो और मजबूत हुआ है।

**कंपनी को हुआ मुनाफा:** अर्बन कंपनी पहले अर्बनक्लैप के नाम से जानी जाती थी। यह एक ऐसी कंपनी है जो लोगों को घर पर ही कई तरह की सर्विसेज देती है। जैसे कि ब्यूटी पार्लर, एसी रिपेयर, घर की सफाई आदि। कंपनी को वित्त वर्ष 2025 में 240 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। पिछले साल कंपनी को 93 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

### शानदार लिस्टिंग के बाद तेजी

अर्बन कंपनी का आईपीओ करीब 58 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट हुआ था। इसके बाद यह शेयर 3.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 167.05 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह शेयर 179 रुपये तक पहुंच गया था। कंपनी के आईपीओ को भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। यह 103.6 गुना सब्सक्राइब हुआ था। सबसे ज्यादा बोलिया क्यूआईबी और गैर-संस्थागत निवेशकों से आईं। क्यूआईबी वे निवेशक होते हैं जो शेयर बाजार में बड़ी मात्रा में निवेश करते हैं।

**व्यापार से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक दिखी रफ्तार**

# वैश्विक झटकों के बावजूद मजबूत बना रहेगा भारत



नई दिल्ली, एजेंसी।
वैश्विक आर्थिक झटकों के असर से भारत की विकास दर पर अल्पकालिक दबाव दिख रहा है, लेकिन देश की दीर्घकालिक वृद्धि की कहानी बरकरार है। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने बुनियादी ढांचे के विकास और प्रक्रियाओं में सुधार के माध्यम से अपनी स्थिति मजबूत की है। इससे विकसित देशों की तुलना में भारत ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, भारत की वृद्धि मजबूत है और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसकी जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि भारत वैश्विक व्यापार में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा, जिससे आर्थिक वृद्धि, पूंजी आकर्षण और रोजगार सृजन के अवसर बढ़ेंगे। हालांकि, इसके लिए केंद्र, राज्य और नौकरशाही स्तर पर सुधार जरूरी बताए गए हैं, ताकि एक अधिक संगठित प्रणाली तैयार हो सके। निजी क्रेडिट उद्योग को लेकर भी सकारात्मक अनुमान जताया गया है। इसमें कहा गया है कि पारंपरिक बैंकों द्वारा छोड़े गए फाइनेंसिंग गैप के कारण प्राइवेट क्रेडिट सेक्टर मजबूत विस्तार की ओर बढ़ रहा है। घरेलू दिवाला ढांचा इस क्षेत्र को और मजबूती दे रहा है। जोखिम मौजूद होने के बावजूद, व्यापक वित्तीय प्रणाली से सीमित जुड़ाव इस सेक्टर को सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

**अमेरिका में बड़ा होटल बेचने की तैयारी में टाटा ग्रुप**

# दो अरब में हो सकती है डील



नई दिल्ली, एजेंसी।
टाटा ग्रुप का ताज ग्रुप न्यूयॉर्क के द पियरे होटल से बाहर निकल सकता है। ब्रुनेई के सुल्तान और सऊदी व्यापारी एस्सम खशोगी मिलकर इसे खरीदना चाहते हैं। यह डील लगभग 2 बिलियन की हो सकती है। अगर यह सौदा हो जाता है, तो ताज लगभग 20 साल के बाद पियरे होटल का प्रबंधन छोड़ देगा। इसके बाद अमेरिका में ताज के पास सिर्फ एक होटल बचेगा, जो सैन फ्रांसिस्को में ताज कैम्पटन प्लेस है। ताज ग्रुप ने इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया है।

ताज की वेबसाइट के अनुसार, उन्होंने पियरे होटल को साल 2005 में खरीदा था। इसे उत्तरी अमेरिका में अपना सबसे खास होटल बनाया था। इसके बाद 2009 में कंपनी ने इस लग्जरी होटल का 100 मिलियन डॉलर से रिनोवेशन कराया था। न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को के दोनों होटल यूनाइटेड ओवरसीज होल्डिंग के अंतर्गत आते हैं।

आईएचसीएल, ताज ग्रुप की मालिक है और यह 165 बिलियन के टाटा ग्रुप का हिस्सा है। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, आईएचसीएल ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में यूओएच में 2,324 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालांकि, यूओएच को उस दौरान 82 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। पियरे होटल में 189 कमरे, रेस्टोरेंट और लग्जरी अपार्टमेंट हैं। इसे पिछले साल बिक्री के लिए रखा गया था। इस होटल में मौजूद अपार्टमेंट के मालिक भी इस प्रॉपर्टी के शेयरधारक हैं। इनमें अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड नेगोशिएन के प्रभारी हावर्ड लुट्निक, जॉर्डन की राजकुमारी फिरयाल, फैशन डिजाइनर टोरी बर्च और डिज्नी के पूर्व प्रमुख माइकल आइजनर शामिल हैं। लुट्निक के पास होटल में एक पेंटहाउस है।

**जानी-मानी हस्तियों के अपार्टमेंट**

### कौन है खरीदार?

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक ताज ने प्रॉपर्टी की स्टीवर्डशिप का बचाव किया है और ऐसे अपग्रेड्स का प्रस्ताव रखा है जिससे रेजिडेंट्स को बाहर निकलने की जरूरत नहीं होगी। अखबार ने यह भी लिखा है कि पियरे का बोर्ड बिक्री के लिए अंतिम दौर की बातचीत कर रहा है। अगर यह सौदा हो जाता है, तो इसका मैनेजमेंट लग्जरी चेन डोर्चेस्टर कलेक्शन को मिल सकता है। डोर्चेस्टर कलेक्शन के मालिक सुल्तान हसनल बोल्किया हैं। एस्सम खशोगी इस डील को फंड कर सकते हैं।
इस डील से ताज का अंतरराष्ट्रीय कारोबार कम हो जाएगा। आईएचसीएल के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने हाल ही में शेयरधारकों को बताया कि कंपनी की विदेश में विस्तार की कोई आक्रामक योजना नहीं है। उन्होंने जुलाई में कहा था कि विदेशी विस्तार के मामले में हम हर वैश्विक बाजार को नहीं देख रहे हैं।

**दीवाली गिफ्ट!, सबसे बड़ा आईपीओ लाई थी कंपनी**

# हर कर्मचारी की सैलरी में होगा 31,000 का इजाफा



नई दिल्ली, एजेंसी।
ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड और यूनाइटेड यूनियन ऑफ हुंडई एम्प्लॉइज के बीच एक समझौता हुआ है। यह समझौता कर्मचारियों की सैलरी को लेकर है। यह तीन साल के लिए किया गया है। यह अप्रैल 1, 2024 से मार्च 31, 2027 तक चलेगा। कंपनी का कहना है कि यह समझौता इंडस्ट्री में सबसे अच्छा है। इसके मुताबिक कर्मचारियों की सैलरी में हर महीने 31,000 की बढ़ोतरी होगी। यह बढ़ोतरी तीन सालों में होगी। पहले साल में 55 प्रतिशत, दूसरे साल में 25 प्रतिशत और तीसरे साल में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

एचएमआईएल का कहना है कि वह कर्मचारियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं और वेलनेस प्रोग्राम भी देगी। कंपनी के एक अधिकारी यंगम्युंग पार्क ने कहा, हुंडई में, हमारे लोग हमारी सफलता की नींव हैं। यह समझौता आपसी विश्वास और सम्मान पर बना है। यह दिखाता है कि हम कर्मचारियों के लिए बेहतर माहौल बनाना चाहते हैं।

**यूनियन का लेखाजोखा:** यूयूएचई यूनियन 2011 में बनी थी। यह एचएमआईएल के कर्मचारियों की आधिकारिक यूनियन है। अगस्त 31, 2025 तक, इसमें 1,981 सदस्य हैं। ये सदस्य कंपनी के 90 प्रतिशत तकनीशियन और वर्कमैन कैडर हैं। इसका मतलब है कि कंपनी के ज्यादातर टेक्नीशियन और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व यूयूएचई यूनियन करती है। गुरुवार को कंपनी का शेयर बीएसई पर 1.23 प्रतिशत तेजी के साथ 2,684 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 2,711 रुपये है।

हुंडई मोटर इंडिया पिछले साल देश का सबसे बड़ा आईपीओ लेकर आई थी। इसका साइज 27,870 करोड़ रुपये का था। यह 15 से 17 अक्टूबर, 2024 तक खुला था और इसका प्राइस बैंड 1,865-1,960 रुपये प्रति शेयर था। यह इश्यू पूरी तरह ऑफर फॉर सेल था। इसके तहत पैरेंट कंपनी दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर ने अपनी हिस्सेदारी बेची थी।

**ट्रंप की फांस से हुआ फायदा, अमेरिका के बाद आयरलैंड कमाई का दूसरा देश, तेजी से बढ़ रहा है एप्पल का हिस्सा**

# ट्रंप की फांस से टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को हुआ फायदा, अमेरिका को ही माल बेच कर कर रही कमाई

कोलकाता, एजेंसी।
टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स का नाम जरूर सुना होगा। इस कंपनी की कमाई में एप्पल आईफोन का बहुत बड़ा योगदान है। एफवाय25 में, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की जितनी भी कमाई हुई, उसका लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को आईफोन भेजने से आया।

आपको पता ही होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन से आने वाले समानों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इससे बचने के लिए एप्पलने भारत में अपना प्रोडक्शन बढ़ाया था। इसी का फायदा भारत की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को मिला। उसने यहां एप्पल के आईफोन बनाने की फैक्टी लगाई। अब जबकि एप्पल चीन से अपना प्रोडक्शन भारत में शिफ्ट करने लगता है तो इसे फायदा पहुंचना लाजिमी है। तभी तो पिछले वित्तीय वर्ष में, भारत से अमेरिका को आईफोन भेजने से टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को 23,112 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हुई।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पिछले साल अमेरिका सबसे बड़ा बाजार तो रहा ही, इसके बाद आयरलैंड कंपनी के लिए दूसरा सबसे बड़ा कमाई करने वाला देश रहा। आयरलैंड से



कंपनी को 23 प्रतिशत यानी 14,255 करोड़ रुपये की कमाई हुई। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यूरोप में एप्पल का बेस आयरलैंड ही है। इसके बाद ताइवान को आईफोन भेजने से कंपनी को 15 प्रतिशत की कमाई हुई। वहीं, भारत में आईफोनबेचने से कंपनी को 20 प्रतिशत की कमाई हुई। यह जानकारी कंपनी ने कंपनियों के रजिस्ट्रार को दी है।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की कमाई में एप्पलका हिस्सा तेजी से बढ़ा है। इससे पता चलता है कि ट्रम्प के टैक्स लगाने की धमकी देने से पहले ही एप्पलने अमेरिका के लिए आईफोन का प्रोडक्शन चीन से भारत में शिफ्ट कर दिया था। पिछले साल, कंपनी सिर्फ ताइवान को आईफोन भेजती थी और भारत में आईफोनबेचती थी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और ताइवान की फॉक्सकॉन भारत में आईफोन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियां हैं।

**दो फैक्ट्रियों में बनता है आईफोन:** भारत में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने दो फैक्ट्रियों से आईफोनबनाना और निर्यात करना शुरू किया है। इनमें विस्ट्रॉन की वो फैक्ट्री भी शामिल है, जिसे टाटा ने मार्च 2024 में खरीदा था। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स सॉल्यूशंस, जो पहले विस्ट्रॉन इन्फोकॉम मैन्युफैक्चरिंग इंडिया के नाम से जानी जाती थी, अब टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी तरह से स्वामित्व वाली कंपनी है।

# अमित शाह हैं संकटमोचन, संगठनशिल्पी और लौहपुरुष

अमित शाह के 61वें जन्म दिवस



ललित गर्ग

**अमित शाह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युग का नेतृत्व करने वाले कर्मयोगी हैं। उनकी राजनीति में चातुर्य नहीं, दृष्टि है; उनके निर्णयों में कठोरता नहीं, राष्ट्रभक्ति की गहराई है। चाहे सहकारिता का नवजागरण हो, सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण या कश्मीर का एकीकरण-हर क्षेत्र में उन्होंने यह सिद्ध किया है कि यदि नीयत सच्ची हो और दृष्टि व्यापक तो कोई भी परिवर्तन असंभव नहीं। भारत के इतिहास में अमित शाह उस विरल श्रेणी के नेता हैं जिनके कार्यों ने राष्ट्र की दिशा बदली है-वास्तव में वे आज के 'संकटमोचन, संगठनशिल्पी और लौहपुरुष' हैं।**

भारत की राजनीति में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो केवल पदों से नहीं, अपने कर्म, दृष्टि, दृढ़ता, संकल्प और राष्ट्रभावना से पहचान पाते हैं। अमित अनिलचंद्र शाह ऐसा ही एक नाम है-संघर्षों में तपे, संगठन के शिल्पी और राष्ट्र की सुरक्षा एवं एकता के प्रहरी। एक प्रभावशाली और कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में, अमित शाह का भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान है। गृह एवं सहकारिता मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक एकता और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में जो क्रांतिकारी एवं युगांतकारी कार्य किए हैं, वे उन्हें हमारे समय का 'लौहपुरुष' सिद्ध करते हैं-सरदार वल्लभभाई पटेल की परंपरा के सच्चे उत्तराधिकारी। निश्चित ही शाह एक युगांतरकारी एवं युग-निमार्ता लोकनायक हैं। उन्हें अक्सर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करीबी सहयोगी, कुशल शासक और पार्टी के लिए एक प्रमुख चुनावी रणनीतिकार माना जाता है। एक किशोर के रूप में, वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए। यहीं से उनके राजनीतिक सफर की शुरूआत हुई। 1987 में वह भाजपा के युवा मोर्चा के सदस्य बने। गुजरात में नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान, अमित शाह एक शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाले, जिनमें गृह, कानून और न्याय और परिवहन शामिल थे।

अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय को मात्र एक विभाग नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के पुनर्जागरण का आंदोलन बना दिया। उनकी दृष्टि में सहकारिता केवल आर्थिक संरचना नहीं, बल्कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का व्यवहारिक दर्शन है। उन्होंने शक्कर कारखानों से लेकर डेयरी, कृषि-उद्योग, बीज उत्पादन और विपणन तक सहकारिता को एक नई गति दी। देश के पहले राष्ट्रीय सहकारिता नीति मसौदे की तैयारी, पीएसी के डिजिटलीकरण और 200,000 प्राथमिक कृषि साख समितियों को मल्टी-डायमेंशनल मॉडल में बदलने की दिशा में उनका काम ऐतिहासिक है। उनके नेतृत्व में सहकारिता अब आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन चुकी है, जहाँ किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि साझेदार हैं। अमित शाह ने सहकारिता को नई भाषा दी-'सहकार से समृद्धि'।

भारत के भीतरी हिस्सों में दशकों से नक्सलवाद ने भय, असुरक्षा और विकासहीनता का माहौल बनाया था। अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 'समग्र रणनीति' के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निर्णायक कार्रवाई की। कानून-व्यवस्था, खुफिया सूचना और स्थानीय विकास के त्रिस्तरीय ढांचे पर आधारित इस नीति ने नक्सलवाद को जड़ों से हिला दिया। आज भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नक्सल क्षेत्र शांति के मार्ग पर लौट रहे हैं, निकट भविष्य में भारत नक्सल मुक्त राष्ट्र बन जायेगा, यह अमित शाह की सूझबूझ,



संकल्प और दृढ़ता का परिणाम है। उनका विश्वास रहा-'गोलियों से नहीं, विकास और संवाद से आतंक मिटाया जा सकता है।' उनकी अलग कार्यशैली की झलक अध्यक्ष बनने के बाद से ही पार्टी को दिखने लगी थी। अमित शाह का नाम जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनकी रणनीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 का हटाया जाना केवल एक संवैधानिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अखंडता का संकल्प था। यह उस विभाजनकारी मानसिकता पर अंतिम प्रहार था जिसने वर्षों तक कश्मीर को अलगाव की आग में झोंक रखा था। आज घाटी में तिरंगा गर्व से लहराता है, पर्यटन और निवेश के नए द्वार खुल रहे हैं, और युवाओं में आत्मविश्वास लौट रहा है-यह अमित शाह की निर्भीक राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने संसद में कहा था-'कश्मीर भारत का मुकुट है, और जब तक इसकी हर घाटी में शांति और विकास नहीं आता, तब तक हमारा प्रयास अधूरा रहेगा।' शाह की कार्यशैली में सबसे अहम है कि किसी चीज को पहले से भांपने की। कश्मीर से 370 हटाने का मामला हो या फिर किसी चुनावी रणनीति की तैयारी, उन्हें अंदाजा हो जाता है कि किस मोहरे को कहां बिठाना है। इसी का असर है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अब तक कश्मीर में शांति एवं वहां शांतिपूर्ण चुनाव का होना है तो अयोध्या जैसे सदियों के विवाद का अंत शांतिपूर्ण तरीके से हो जाना है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने देश की सुरक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाई दी। आतंकी नेटवर्क के विरुद्ध कड़े कानून, एनआईए की शक्ति में वृद्धि, सीमा सुरक्षा में तकनीकी नवाचार और पुलिस सुधारों की नई पहल-इन सबने भारत की आंतरिक मजबूती को सुदृढ़ किया है। उन्होंने 'शून्य सहनशीलता नीति' को व्यवहार में उतारा। चाहे दिल्ली दंगे हों या सीमा पार आतंकवाद की चुनौती-हर परिस्थिति में उनका निर्णय तेज, संतुलित और राष्ट्रहित में रहा। उनके कार्यकाल में भारत में आंतरिक सुरक्षा का सबसे स्थिर दौर देखा जा रहा है, जहाँ आतंक, नक्सलवाद और अलगाववाद तीनों पर नियंत्रण स्थापित हुआ है। राजनीतिक दृष्टि से अमित शाह को 'मोदी के हनुमान' कहा जाता है, क्योंकि वे न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे विश्वसनीय सहयोगी हैं, बल्कि उनकी दृष्टि को व्यवहार में उतारने वाले कर्मयोद्धा भी हैं। 2014 से 2020 तक, उन्होंने भाजपा के 10वें अध्यक्ष के रूप पार्टी को 70 से अधिक देशों के बराबर सदस्य संख्या वाला विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाया। 2014 और 2019 के चुनावों में उनकी रणनीति, संगठन और जनसंपर्क ने भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई। उनके रणनीतिक कौशल ने पार्टी को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। लेकिन उनकी पहचान राजनीति से परे है-वे राष्ट्रीय एकता के संरक्षक, सुरक्षा के प्रहरी और सहकारिता के संचारक हैं।

अमित शाह ने संगठन के बाद सरकार में भी अपनी कौशल क्षमता का लोहा मनवाया तो जब भी संसदीय इतिहास में भारत के मोदीमय होने की गाथा का वर्णन होगा, उसमें 'चाणक्य नीति' की तरह 'शाह नीति' का जिक्र स्वाभाविक होगा। अमित शाह की यह रणनीति पार्टी नेताओं को भी तब समझ आई जब चुनावों के आधिकारिक पोस्टरों-बैनरों पर भी शाह की तस्वीर नजर नहीं आई, दरअसल वे पूरे चुनाव को मोदीमय करने की 'शाह नीति' थी। इसलिए शाह ने एक स्पष्ट निर्णय लिया कि प्रचार सामग्रियों पर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। आधुनिक राजनीति का चाणक्य कहें या फिर मोदी के भरोसेमंद सारथी, इसी खास सोच की वजह से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की यह अमिट पहचान बन चुकी है।

अमित शाह को एक उत्कृष्ट संगठक और अभियान रणनीतिकार माना जाता है। उनके समर्थक उन्हें हिंदू धर्म का महान रक्षक मानते हैं, जबकि उनके आलोचक उन्हें एक ध्रुवीकरण करने वाली शख्सियत के रूप में देखते हैं। वह अपनी राजनीतिक कुशलता और जमीन से जुड़कर काम करने के लिए जाने जाते हैं। अमित शाह का राजनीतिक करियर उनके रणनीतिक कौशल, संगठन क्षमता और कठोर निर्णय लेने की प्रवृत्ति को दशार्ता है। एक छोटे कार्यकर्ता से लेकर देश के गृह मंत्री तक का उनका सफर भारतीय राजनीति में उनके मजबूत प्रभाव का प्रमाण है। वह भविष्य में भी भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बने रहने की संभावना है। अमित शाह का व्यक्तित्व सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति को सजीव करता है। जहाँ पटेल ने रियासतों का विलय किया, वहाँ शाह ने विचारों का एकीकरण किया। जहाँ पटेल ने लौह इच्छाशक्ति से भारत का नक्शा जोड़ा, वहाँ शाह ने अखंड भारत की भावना को राजनीतिक और सामाजिक धरातल पर साकार किया। उनके जीवन का सूत्रवाक्य रहा है-'व्यक्ति नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि।' शाह ने राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखा तो 'काम रुके ना, देश झुके ना' के नारे के साथ विकास को भी उसमें जोड़ा। चुनौतियों से जूझने की उनकी छवि ही उन्हें जुझारू और लक्ष्य के प्रति जुनूनी बनाती रही है।

अमित शाह की कार्यशैली अनूठी एवं विलक्षण है, वे जब कोई काम हाथ में लेते हैं तो स्पष्ट लक्ष्य सामने होता है और उसके हिसाब से रणनीति पर काम करते हैं। भले नतीजे पक्ष में आए या खिलाफ, इसकी परवाह नहीं करते। उनका विजन स्पष्ट रहता है और नतीजों के बजाए काम करने पर फोकस रहता है। इसलिए मोदी-शाह की जोड़ी हर चुनाव को युद्ध के रुप में लड़ने के लिए जानी जाती है। शाह का मानना है कि संगठन को हमेशा 24 घंटे 365 दिन गतिशील रखना चाहिए। यह काम वे अपने पांच दशक के राजनीतिक सफर में, वार्ड के बूथ प्रभारी के तौर से करते रहे हैं। गीत-संगीत के शौकीन शाह निदा फाजली के प्रशंसकों में से हैं। खाने-पीने के शौकीन जरुर हैं, लेकिन संयमित और अनुशासित भोजन ही लेते हैं। अमित शाह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युग का नेतृत्व करने वाले कर्मयोगी हैं। उनकी राजनीति में चातुर्य नहीं, दृष्टि है; उनके निर्णयों में कठोरता नहीं, राष्ट्रभक्ति की गहराई है। चाहे सहकारिता का नवजागरण हो, सुरक्षा का सुदृढ़ीकरण या कश्मीर का एकीकरण-हर क्षेत्र में उन्होंने यह सिद्ध किया है कि यदि नीयत सच्ची हो और दृष्टि व्यापक तो कोई भी परिवर्तन असंभव नहीं। भारत के इतिहास में अमित शाह उस विरल श्रेणी के नेता हैं जिनके कार्यों ने राष्ट्र की दिशा बदली है-वास्तव में वे आज के 'संकटमोचन, संगठनशिल्पी और लौहपुरुष' हैं।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### प्रदूषण की जवाबदेही

दिवाली मनाने के उत्साही लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्वच्छ हवा बनाए रखने व प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारे संयम व जिम्मेदार व्यवहार की जरूरत होगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हमारी राष्ट्रीय राजधानी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में शुमार है। दुनिया के बीस शीर्ष प्रदूषित शहरों में करीब आधे भारत में हैं। पर्व, आस्था व विश्वास अपनी जगह हैं, लेकिन प्राणवायु का स्वच्छ रहना लाखों लोगों के जीवन का प्रश्न भी है। यही वजह है कि दिल्ली-एनसीआर में कुछ शर्तों के साथ दीपावली पर ग्रीन पटाखों की अनुमति देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की नसीहत दी है, जिससे हमारी आस्था का सम्मान हो सके और पर्यावरण की रक्षा भी हो। निस्संदेह, कोर्ट के फैसले से वे लोग उत्साहित होंगे, जो ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति चाहते थे। लेकिन इसका एक पक्ष यह भी है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग इससे निराश हो सकते हैं। पर्यावरण प्रेमियों की चिंता वाजिब है। अक्सर देखा जाता है कि ग्रीन पटाखे जलाने वालों पर नियामक एजेंसियां निगरानी नहीं रख पाती हैं। चिंता की बात यह भी है कि ग्रीन पटाखों के नाम पर घातक पटाखे भी जलाए जा सकते हैं। विगत के अनुभव बताते हैं कि अदालती रोक के बावजूद त्योहार पर जमकर आतिशबाजी हुई थी। दरअसल, कुछ लोगों की दलील थी कि पर्व विशेष पर ही प्रदूषण के नाम पर रोक लगाई जाती है, जिससे त्योहार का रंग फीका हो जाता है। कुछ लोगों ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न भी बना लिया। लेकिन सवाल यह है कि यह कैसे सुनिश्चित हो पाएगा कि ग्रीन पटाखों की आड़ में घातक पटाखे नहीं बेचे जा सकें। हमारी निगरानी करने वाली एजेंसियों व विभागों की कारगुजारियों पर अक्सर सवालिया निशान लगाए जाते हैं। वैसे एक हकीकत यह भी है कि हर गली-मोहल्ले की दुकानों में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की निगरानी कर पाना व्यावहारिक भी नहीं है। इस बात को लेकर अक्सर बहस होती रही है कि परंपरागत रूप से दिवाली में पटाखों की अनिवार्यता नहीं रही है।

## चिंतन-मनन

### अंदर से खूबसुरत बनिये संसार आपकी पूजा करेगा

स्मार्ट दिखने के लिए लोग क्या नहीं करते ब्यूटी पार्लर जाते हैं, महंगे प्रीम पाउडर और ब्यूटी टिप्स को आजमाते हैं। सारे उपाय करने के बावजूद बढ़ती उम्र की निशानियों को उम्र की एक सीमा तक ही छिपा सकते हैं। अंत में खूबसूरती ढ़ल जाती है और जिस सुन्दरता पर लोग नाज करते हैं वह लोगों से दगा कर जाती है। इसलिए संतों और ज्ञानियों ने कहा कि रूप के धन पर इतराना नहीं चाहिए। सबसे उत्तम धन ज्ञान है और इसकी सुन्दरता दिन ब दिन बढ़ती जाती है। इसलिए बाहरी सुन्दरता को संवारने पर समय नष्ट करने की बजाय अंदर की सुन्दरता को निखारने का प्रयास करना चाहिए। व्यवहारिक जीवन में आपने देखा होगा कि किसी की सुंदरता को देखकर आपका मन चाहता होगा कि बार-बार उसे देखें। लेकिन जब आप उस रूपवान व्यक्ति के पास पहुंचते हैं उसके व्यक्तित्व को करीब से जानते हैं तो उससे नफरत होने लगती है। इसके विपरीत किसी कुरूप व्यक्ति को जब आप जानने लगते हैं उसके अंदर के गुण को समझने लगते हैं तो उस कुरूप व्यक्ति के प्रति लगाव और स्नेह बढ़ जाता है। देवी सीता के पिता महाराजा जनक के दरबार में हुई एक घटना इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। इनके शासन काल अष्टावप्र नामक एक विद्वान थे। अपने नाम के समान अष्टावप्र का पूरा शरीर टेढ़ा मेढ़ा था। एक बार यह महाराजा जनक की सभा में पहुंचे। ऊंचे आसन पर बैठे सभासद अष्टावप्र को देखकर हंसने लगे। महाराज जनक ने देखा कि सामने से अष्टावप्र पधार रहे हैं। इन्हें देखकर ही सभासद हंस रहे हैं। महाराज जनक अपने सिंहासन से उतरकर अष्टावप्र के पास पहुंचे। इन्हें आदर पूर्वक लाकर अपने सिंहासन पर बैठाया और सभासदों से कहा कि महात्मा अष्टावप्र के चरण धोने हेतु जल लेकर आएं। महाराज ने स्वयं अपने हाथों से अष्टावप्र की सेवा की और सभासदों से कहा कि आप सब मूर्ख हैं जो बाहरी सौन्दर्य को पहचानते हैं। असली सौन्दर्य को आपने जाना ही नहीं। असली सुन्दरता ज्ञान है जो महात्मा अष्टावप्र के पास है। यह मेरे गुरू के समान हैं। सभासदों को सिर नीचे झुक गया। अष्टावप्र ने कई काव्य लिखे हैं। इन्होंने गीता की भी रचना की है जो अष्टावप्र गीता के नाम से विख्यात है।

# अन्नकूट पर्व के दिन गौपूजा का है विशेष महत्व



योगेश कुमार गोयल

हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल प्रतिपदा को अर्थात् दीवाली के अगले दिन 'अन्नकूट पर्व' मनाया जाता है, जिसे 'गोवर्धन पूजा' के नाम से भी जाना जाता है। पांचदिवसीय दीवाली पर्व की शुरूआत धनतेरस से होती है और चौथे दिन कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा की जाती है लेकिन इस बार दीवाली 20 अक्तूबर को मनाई गई और गोवर्धन पूजा 22 अक्तूबर को है। आमतौर पर महालक्ष्मी की पूजा के अगले दिन गोवर्धन पूजा होती है लेकिन इस बार एक दिन बाद गोवर्धन पूजा होगी। दीवाली का पर्व 20 अक्तूबर को मनाया गया लेकिन इसके अगले दिन 21 अक्तूबर को भी अमावस्या तिथि रहने के कारण कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 22 अक्तूबर को मान्य है और इसीलिए इस वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व 22 अक्तूबर को मनाया जा रहा है।

कार्तिक मास की शुक्ल प्रतिपदा को मनाई जाने वाली गोवर्धन पूजा को 'अन्नकूट पर्व' के नाम से भी जाना जाता है। सनातन धर्म में गोवर्धन पूजा का पर्व बेहद शुभ माना जाता है, जो इंद्र देव पर भगवान श्रीकृष्ण की जीत का प्रतीक है। इस दिन घर में गाय के गोबर से गोवर्धन की मानव रूपी आकृति बनाकर उसकी पूजा की जाती है तथा तरह-तरह के व्यंजन बनाकर गोवर्धन को भोग लगाया जाता है। इन व्यंजनों को 'छप्पन भोग' की संज्ञा दी जाती है। ऐसी मान्यता है इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना करने और उन्हें 56 भोग अर्पित करने से साधक को समस्त दुखों और संतापों से छुटकारा मिलता है। इस दिन बनने वाले अन्नकूट में कई प्रकार की सब्जियां, कढ़ी-चावल, खीर, मिठाईयां, रबड़ी, पेड़े, पुवा, मक्खन, मिश्री, पूड़ी इत्यादि भांति-भांति के पकवान बनाए जाते हैं और भगवान श्रीकृष्ण को भोग के रूप में अर्पित किया जाता है।

अन्नकूट पर्व के दिन गौपूजा का भी विशेष महत्व है। इसी कारण इस दिन बहुत से लोग गाय, बैल तथा अन्य पशुओं की सेवा करते हैं और गायों की आरती भी उतारी जाती है। इस दिन शाम के समय गोवर्धन पूजन के समय भगवान विष्णु, भगवान श्रीकृष्ण के साथ-साथ दैत्यराज महाप्रतापी एवं महादानवीर बलि का भी पूजन किया जाता है। माना जाता है कि इस पर्व का प्रचलन द्वापर युग से शुरू हुआ था और तभी से हर वर्ष कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को यह पर्व मनाया जाता रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने देवराज इन्द्र के अहंकार को चूर-चूर कर गोकुलवासियों को गोधन के महत्व से परिचित कराया था। इस दिन गोबर से गोवर्धन बनाकर उसकी पूजा की जाती है। वेदों में इस दिन वरूण, इन्द्र और अग्निदेव के पूजन का भी विधान है। पुराणों में बताया गया है कि इस दिन भगवान विष्णु ने लक्ष्मी सहित समस्त देवी-देवताओं को बलि की कैद से मुक्त कराया था।

इस पर्व के संबंध में द्वापर युग की एक कथा प्रचलित है। एक बार भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ गायों को चराते हुए गोवर्धन पर्वत की तराई में पहुंच गए। वहां उन्होंने देखा कि हजारों गोप-गोपियां बड़े उत्साह से नाच-गाकर कोई उत्सव मना रहे हैं और 56 प्रकार के व्यंजन वहां रखे हैं। श्रीकृष्ण के पूछने पर गोपियों ने बताया कि आज के दिन वृत्रासुर नामक राक्षस का वध करने वाले मेघों व देवों के राजा इन्द्र का पूजन किया जाता है क्योंकि उनकी कृपा से ही ब्रज में वर्षा होती है और अन्न पैदा होता है। यह सुनकर श्रीकृष्ण ने वहां उपस्थित समस्त ब्रजवासियों से कहा कि अगर देवराज इन्द्र स्वयं यहां आकर भोग लगाएं, तभी तुम्हें यह उत्सव मनाना चाहिए।

ब्रजवासी श्रीकृष्ण की बात से सहमत नहीं हुए। गोपियों ने श्रीकृष्ण से कहा, 'अगर इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए 'इन्द्रोज' नामक यह यज्ञ नहीं किया गया तो समस्त ब्रजवासियों को इन्द्र के कोप का सामना करना होगा और समूचा ब्रज अकाल या बाढ़ की चपेट में आ जाएगा। इसलिए हमें यह यज्ञ हर हाल में करना ही चाहिए।' इस पर श्रीकृष्ण ने कहा, 'इन्द्र में क्या शक्ति है? उससे ज्यादा शक्तिशाली तो हमारा यह गोवर्धन पर्वत है और ब्रज में इसी के कारण वर्षा होती है। इसलिए हमें इन्द्रोज यज्ञ करने के बजाय गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए।' काफी वाद-विवाद के पश्चात ब्रजवासी इन्द्र के बजाय गोवर्धन की पूजा करने के लिए तैयार हो गए। सभी अपने घरों से पकवान लाकर श्रीकृष्ण द्वारा बताई विधि के अनुसार गोवर्धन का पूजन करने लगे। श्रीकृष्ण ने तब गोवर्धन पर्वत में अपना दिव्य रूप प्रविष्ट कराकर स्वयं गोवर्धन के रूप में समस्त व्यंजनों का भोग लगाया और ब्रजवासियों को आशीर्वाद दिया। ब्रजवासी गोवर्धन को प्रसन्न करने के लिए किए गए अपने यज्ञ को सफल मानकर बड़े प्रसन्न हुए।

नारद मुनि ने इन्द्र को इस घटना की जानकारी दी तो इन्द्र इसे अपना अपमान मानकर क्रोध के मारे फुफकार उठा और मेघों के जरिये ब्रज में तबाही शुरू कर दी। ब्रजवासियों की घबराहट देख श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की शरण में चलने को कहा और गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठा लिया। इस प्रकार पूरे सात दिन तक ब्रजवासी गोवर्धन के नीचे सुरक्षित रहे। अंततः देवराज इन्द्र को हार माननी पड़ी और तब ब्रह्मा जी ने उन्हें श्रीकृष्ण अवतार का रहस्य बताया तो इन्द्र श्रीकृष्ण से अपनी भूल के लिए क्षमा याचना करने लगे। श्रीकृष्ण ने तब गोवर्धन को अपनी उंगली से नीचे उतारते हुए ब्रजवासियों से हर वर्ष इसी दिन गोवर्धन की पूजा करने को कहा। माना जाता है कि तभी से प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को यह पर्व मनाया जाने लगा। इस दिन गौ पूजन करने के पीछे धारणा यह है कि इससे व्यक्ति को भोग एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह पर्व जहां गोधन के महत्व को दशार्ता है, वहीं इसे इन्द्र का अहंकार नष्ट होने के रूप में भी देखा जाता है। प्राणीमात्र को इससे यही सीख मिलती है कि अहंकार मनुष्य को सदा नीचा दिखाता है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# ट्रंप तुम राजा नहीं हो, विरोध में लाखों लोग सड़कों पर



सनत जैन




अमेरिका, जो पूरी दुनिया में लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है, इन दिनों एक नए जन आंदोलन का साक्षी बन रहा है। नो किंग्स डे के रूप में इस विरोध आंदोलन में अमेरिका के सभी राज्यों के लगभग 70 लाख लोग सड़कों पर उतर आए। यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि सत्ता के अहंकार और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के उल्लंघन के खिलाफ है। इस आंदोलन ने सारी दुनिया को चौंका दिया है। इस बार करीब 70 लाख से अधिक नागरिकों ने सड़कों पर उतरकर यह संदेश दिया है, लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली और लोकप्रिय क्यों न हो, वह जनता जनार्दन से बडा नहीं हो सकता है। दरअसल अमेरिका के दूसरी बार बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पिछले कई महीनो से यह आरोप लग रहा है, कि वह अमेरिका के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। नियमो और कानून का उल्लंघन करके वह मनमाने निर्णय ले रहे हैं। उनका राजनीतिक व्यवहार अहंकार और बयानबाजी ने अमेरिका के साथ-साथ सारी दुनिया में अमेरिका की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को एक राजा या अभिजात नेता के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। अमेरिका के नागरिकों ने इस मानसिकता को पूरी तरह से नकारते हुए जबरदस्त विरोध करना शुरू कर दिया है।

नो किंग्स डे आंदोलन की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, यह किसी हिंसा या अराजकता का आन्दोलन नहीं है। बल्कि शांतिपूर्ण विरोध का प्रतीक बनकर सारी दुनिया के सामने यह आंदोलन है। लोग तख्तियां लिए, झंडे थामे, सड़कों पर उतरे, एक ही सुर में बुलंद आवाज में नारे और स्लोगन के माध्यम से कहा, ह्नट्रंप, तुम राजा नहीं हो।ह्न लोकतंत्र में जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि हो। अमेरिका की जनता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर सजग है। ट्रंप ने इस आंदोलन को ह्नराजाओं की हरकतह्न बताकर आलोचना की है। इस प्रदर्शन के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह लड़ाकू विमान उड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। विमान पर लिखा था, ह्नकिंग ट्रंपह्न यह दृश्य जितना व्यंग्यपूर्ण था, उतना ही प्रतीकात्मक भी था। इससे यह संदेश गया कि ट्रंप का राजनीतिक अंदाज अब लोकतांत्रिक आदर्शों, बेशर्मी ओर बेहआई के साथ अहंकार का प्रदर्शन कर रहा है। अमेरिकी जनता का यह जनजागरण बताता है, यायावर अमेरिका में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं। अमेरिका के नागरिक अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर हमेशा सजग रहते हैं। जनता यह नहीं चाहती, कोई भी नेता संविधान और जनता की इच्छा से ऊपर उठकर खुद को शासक या राजा माने। अमेरिका की सड़कों पर उमड़ी यह भीड़ सिर्फ ट्रंप के खिलाफ नहीं, बल्कि तानाशाही सोच के खिलाफ शासको और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए एक चेतावनी भी है।

यह आंदोलन अमेरिका से दुनिया के उन लोकतांत्रिक देशों के लिए स्पष्ट संदेश है, लोकतंत्र में कोई राजा नहीं होता है। सिर्फ जनता ही शासक होती है। जनता ही अपने ऊपर नियंत्रण करने के लिए निर्वाचित ढंग से शासक चुनती है। जनता विश्वास करके अपने अधिकार अपने नेताओं को सौंपती है। जब नेता अपनी ही जनता के साथ विश्वासघात करने लगते हैं, ऐसी स्थिति में जब जनता जागती है, तो कोई भी शक्ति जनता की ताकत के सामने टिक नहीं पाती है। यही, लोकतंत्र की असली ताकत है। श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों में जहां-जहां पर लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम है वहां पर इस तरीके का विरोध इस बात का प्रतीक है कि जब-जब लोकतंत्र में सत्ता में बैठे हुए लोग जनता के अधिकारों पर कुठाराघात करेंगे तब यह जनता स्वयं सड़कों पर आकर इसका विरोध करेगी। जनता जब तक विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को स्वीकार करती है तभी तक इनका अस्तित्व है। जब जनता इनका अस्तित्व नकार देती है, तब सड़कों पर यही दृश्य देखने को मिलते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि अमेरिका का इतना बड़ा आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण था। महात्मा गांधी ने दुनिया में जो अहिंसा का संदेश और मार्ग दिखाया था अमेरिका इस मार्ग पर चलता हुआ दिख रहा है।

Printed and Published by Manish KUMAR KASHYAP behalf of Palace of Publication,BALIHARI ROAD, NEAR - KALYAN BHAWAN NEW AREA MORABADI RANCHI-834008,Ranchi- Jharkhand, and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222,Jharkhand And Published at Palace of Publication,Ranchi- Jharkhand,, **PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773** Editor- Editor SHAHOOD ALAM. Mob -



# युवा पीढ़ी को पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए

अभिनेता अजय देवगन हाल ही में बॉलीवुड के उभरते अभिनेताओं को सुझाव देते दिखे। अजय देवगन ने नए उभरते सितारों को सलाह दी है कि वे अपना पैशन फॉलो करें और खुद पर यकीन बनाए रखें। एक्टर ने कहा, वे पूरे दिल से अपने जुनून का अनुसरण करें। डर और सेल्फ डाउट को अपने लक्ष्य पर हावी न होने दें।

## दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज

बता दें कि अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो काफी दिलचस्प है। उनकी यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म इस साल बाल दिवस पर यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अजय देवगन के अलावा इस सीक्वल फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, आर माधवन, मीजान जाफरी और जावेद जाफरी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। इसे टी-सीरीज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन और तरुण जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के लिए दिल्ली पहुंची। इस मौके पर अजय देवगन ने फिल्म इंडस्ट्री में तीन दशकों से ज्यादा समय तक काम करने के बाद बॉलीवुड में प्रासंगिक बने रहने का अपना सूत्रा शेयर किया। अभिनेता ने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया और लोगों को सुझाव दिया कि वे सेल्फ बिलीव को मानें साथ ही कठिन मेहनत करते रहें। अजय देवगन ने कहा, आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। खुद पर यकीन रखना होगा और मेहनत करते रहनी होगी। मुझे नहीं लगता कि असुरक्षा की कोई जगह है। इसके लिए जिंदगी बहुत छोटी है।

## दिल की जरूर सुननी चाहिए

अजय देवगन ने अपने जीवन के सिद्धांतों पर जोर देते हुए युवा और उभरते कलाकारों से कहा, सफलता और असफलता की चिंता किए बिना, जीवन में पूरे मन से अपने जुनून को फॉलो करना चाहिए। अजय देवगन ने कहा, मैं युवा पीढ़ी से यही कहता रहता हूं। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आगे बढ़ें और उसे करें। यह काम करेगा या नहीं, यह हम बाद में देखेंगे। अगर आपको कोई चीज दिल से पसंद है, तो आपको उसे करना चाहिए।



# उर्वशी रौतेला ने फिर थपथपाई अपनी पीठ

## इस कामयाबी के लिए अदा किया फैंस का शुक्रिया

दिवाली का त्योहार है। इंडस्ट्री में पार्टी और सेलिब्रेशन का दौर जारी है। हाल ही में उर्वशी रौतेला भी एक दिवाली पार्टी में शामिल हुईं। उनका दावा है कि इस दौरान उन्हें अपनी एक बड़ी सफलता के बारे में मालूम चला और इसे उन्होंने फैंस के साथ शेयर किया है। उर्वशी का दावा है कि उनके तीन चर्चित गाने एक-एक बिलियन व्यूज के करीब पहुंच गए हैं। दिलचस्प बात है कि यह सफलता हासिल करने वाली वह पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री हैं।

### तीन गानों ने बनाया रिकॉर्ड

उर्वशी रौतेला ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने रेड कलर की ड्रेस में अपनी स्टनिंग और स्टाइलिश फोटोज शेयर की है। इसके साथ लिखा लंबा नोट गौर करने लायक है। उर्वशी ने लिखा है, पहली और सबसे कम उम्र की भारतीय अभिनेत्री, जिसके तीन गाने अलग-अलग एक अरब व्यूज के करीब पहुचे हैं। कुल मिलाकर लगभग तीन अरब व्यूज हासिल हुए हैं। यह गाने हैं, सनम रे, हुआ है आज और लवडोज।

### फैंस ने दीं बधाई

इसी के साथ उर्वशी ने फैंस को धनतेरस और दिवाली की शुभकामनाएं भी दी हैं। मां लक्ष्मी आप और आपके परिवार पर समृद्धि, प्यार और रोशनी की बौछार करे। उर्वशी की इस सफलता पर फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। बता दें कि उर्वशी के यह तीनों ही गाने काफी चर्चित रहे हैं। हालांकि, तीनों को एक-एक बिलियन व्यूज अब तक तो नहीं मिले हैं, मगर सनम रे गाना इस संख्या के करीब जरूर है। बाकी दोनों गानों को भी यूट्यूब पर अच्छे-खासे व्यूज मिले हैं।

### दिवाली पार्टी में मिली खूबसूरत न्यूज

उर्वशी ने आगे लिखा है, आप सभी को यह बताते हुए मुझे बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। मुझे यह खूबसूरत न्यूज एक दिवाली पार्टी में पता चली। सच कहूं तो यह अभी भी काल्पनिक लग रहा है। आप सभी के प्रति मैं शुक्रगुजार हूं। मेरे कमाल के फैंस और शुभचिंतक, उन सभी के लिए जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया और मेरा उत्साह बढ़ाया, सभी का शुक्रिया। आपको अंदाजा भी नहीं है कि मेरे दिल में आप सभी के लिए कितना प्यार है।




# डीजल में अभिनय करना शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था

तमिल सिनेमा के उभरते सितारे हरीश कल्याण की अपकमिंग एक्शन थ्रिलर डीजल 17 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में हरीश ने पहली बार एक एक्शन हीरो का किरदार निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन शन्मुगम मुथुसामी ने किया है। एक इंटरव्यू में हरीश कल्याण ने बताया कि डीजल में काम करना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बेहद थकाऊ था। हरीश कल्याण ने कहा, निर्देशक शन्मुगम मुथुसामी की रिसर्च और डिटेलिंग ने मुझे हैरान कर दिया। उनकी स्क्रिप्ट की गहराई ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक भी इसे खूब पसंद करेंगे। पेट्रोल और डीजल हर किसी की जिंदगी से जुड़े हैं, और सोने से ज्यादा वैल्यूएबल कच्चा तेल, जिसे ब्लैक गोल्ड कहते हैं, दुनिया का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला रिसोर्स है। हम रोज पेट्रोल पंप जाते हैं, लेकिन कच्चे तेल की उस डार्क वर्ल्ड के बारे में शायद ही सोचते हैं। डीजल उसी दुनिया को एक्सप्लोर करेगी।

उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म ग्लोबल ऑडियंस के लिए एक फ्रेश और अनोखा एक्सपीरियंस लेकर आएगी। इसे गहराई और पर्पज के साथ क्राफ्ट किया गया है, और बड़े स्केल पर प्रोड्यूस किया गया है। हमने क्रिएटिव रिस्क लिए हैं जो कुछ अलग लेवल के हैं। दुनिया की सबसे बिजी लोकेशन्स पर शूटिंग करना सच में एक बड़ा चैलेंज था, लेकिन साथ ही एक्साइटिंग भी। बताया जा रहा है कि अभिनेता हरीश कल्याण ने इस रोमांचक थ्रिलर पर बड़ा दांव लगाया है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने प्रेग्नेंसी अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी



एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए मजेदार अंदाज में जवाब दिया है। रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मानव इतिहास में सबसे लंबी प्रेग्नेंसी का वर्ल्ड रिकॉर्ड मेरे नाम है (16 महीने पूरे हो गए हैं, हमारी समझदार मीडिया के हिसाब से)। ये सब सिर्फ इसलिए क्योंकि मैंने पेट पर हाथ रखकर पोज दिया था। आखिरी स्लाइड तक स्क्रॉल करें और हमारा रिएक्शन देखें... फिर इस दिवाली बस चमकते रहिए! दरअसल, दो दिन पहले सोनाक्षी और जहीर डिजाइनर विक्रम फडनीस के शो में शामिल हुए थे। इवेंट में हिस्सा लेने के लिए सोनाक्षी ने रेड और वाइट रंग की अनारकली पहनी थी। रेड कारपेट पर पैपराजी के लिए पोज देते समय वो दुपट्टे से अपना पेट कवर करती दिखीं। एक वीडियो में वो पेट पर हाथ रखते भी नजर आईं, जिसके बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाहें चलने लगीं। वहीं, बुधवार को कपल प्रोड्यूसर रमेश तौरानी की दिवाली पार्टी में पहुंचा था। इस दौरान दोनों मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान और सोहेल खान के बेटे के साथ पैपराजी को पोज देते दिखे। सोनाक्षी और जहीर ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद साल 2024 में शादी की थी। दोनों ने अपने करीबी लोगों की मौजूदगी में घर पर ही शादी रजिस्टर करवाई थी। कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डे टू डे लाइफ के वीडियो भी शेयर करते रहते हैं।

# द राजा साब के बाद मालविका मोहनन को मिली मेगा 158



तेलुगु सिनेमा की दुनिया से बड़ी खबर सामने आ रही है। जल्द ही प्रभास के साथ फिल्म 'द राजा साब' में नजर आने वाली साउथ की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस करती नजर आ सकती हैं। यह खबर सुनते ही फैंस के बीच इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक बॉबी कोली की अगली फिल्म 'मेगा 158' में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में दो हीरोइनों को कास्ट किया जा रहा है, जिनमें से एक के लिए मालविका मोहनन का नाम चर्चा में है। अगर सब कुछ तय हुआ, तो 'द राजा साब' के बाद यह मालविका की दूसरी तेलुगु फिल्म होगी, जो उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। मालविका के करीबी सूत्रों का कहना है कि अभिनेत्री के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ स्क्रीन शेयर करना किसी सपने से कम नहीं है। चिरंजीवी और बॉबी की पिछली फिल्म 'वाल्थेयर वीरैया' सुपरहिट रही थी, ऐसे में दर्शकों को इस नई जोड़ी से भी काफी उम्मीदें हैं।

# लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है



बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता दत्ता बहुत जल्द फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करती दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि जब वह गर्भवती थीं तभी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। यह उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इशिता ने यह भी बताया कि शूटिंग के समय उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की न्यूज को सीक्रेट रखा ताकि काम पर असर न पड़े। दो बच्चों, बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज होने जा रही है। इशिता ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में 'दे दे प्यार दे 2' के पोस्टर के बगल में अपनी एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेत्री ने बताया कि इतने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं... दोनों बच्चों के बाद मेरी पहली फिल्म। इसकी शूटिंग के दौरान मैं गर्भवती थी। 4 साल बाद वापसी करना बहुत अजीब लग रहा है, मानो एक नई शुरुआत हो... आप सभी का आशीर्वाद चाहिए... क्या मैं कह सकती हूं कि मैं पोज देना भूल गई हूं, एक नई शुरुआत के लिए उत्साहित हूं। हाल ही में फिल्म दे दे प्यार दे 2 का ट्रेलर रिलीज हुआ था। इसमें आयशा नाम की लड़की की स्टोरी है जो एक ऐसे शख्स से प्यार करती है जो उम्र में उनसे काफी बड़ा है। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में दिखाई देंगे।



# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में दूल्हे के रोल में दिखेंगे संजय मिश्रा

## किरदार को टर्निंग प्वाइंट बताया

**बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा की नई फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का अनाउंसमेंट हाल ही में हुआ था। इस फिल्म में वह एक दूल्हे के रोल में दिखाई देंगे। ऐसा दूल्हा जो दूसरी बार शादी करने वाला है और शादी के लिए लड़की वालों को दहेज तक देने को तैयार है।**

संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, दुल्हन मिल गई है, अब तैयार हो जाइए क्योंकि बारात जल्द ही आने वाली है, आपके नजदीकी या थोड़ी दूर सिनेमाघरों में।

इस पोस्टर में महिमा चौधरी को दुल्हनिया के रूप में दिखाया गया है, जबकि संजय मिश्रा उनकी तस्वीर लिए बैठे दिख रहे हैं। संजय मिश्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि यह किरदार उनके लिए क्यों खास है। अभिनेता ने कहा, दुर्लभ प्रसाद एक ऐसा किरदार है जिसे आप उसकी सादगी और मासूमियत के लिए पसंद करेंगे। इमोशन के साथ कॉमेडी हमेशा खास होती है, और इस फिल्म में दोनों ही भरपूर हैं। मैं दर्शकों को इस अनोखे दूल्हे और उसके अनोखे सफर से रूबरू कराने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं, फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन ने बताया कि इस फिल्म की कहानी ऐसी है जो दर्शकों को हंसाने के साथ ही सोचने को भी मजबूर कर देगी। इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। इससे पहले फिल्म की घोषणा करते हुए एक पोस्ट में संजय मिश्रा ने लिखा था, टैग करें, शेयर करें और जीवनसंगिनी ढूंढने में दुर्लभ प्रसाद का साथ दें। दुल्हन खोज अभियान से जुड़िए, कौन जाने आपका एक शेयर किसी की जिंदगी में प्यार भर दे।

दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी में महिमा चौधरी, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया, और श्रीकांत वर्मा जैसे कलाकार भी हैं। एका एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में एक ऐसे बेटे की कहानी है जो विधुर पिता की दूसरी शादी करवाना चाहता है। इस फिल्म को सिद्धांत राज सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट नहीं आई है।



# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर केंद्र सरकार आयोजित करेगी मेगा इवेंट

## 90 मिनट का नाटक मंचन होगा, 200 कलाकार और क्रू मेंबर लेंगे भाग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 31 अक्टूबर को 150वीं जयंती है। केंद्र सरकार ने इस मौके पर मेगा इवेंट का आयोजन करने का फैसला किया है। इस कड़ी में उनके जीवन पर आधारित 90 मिनट का एक नाटक मंचन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कलाकारों द्वारा पहले 30 और 31 अक्टूबर को गुजरात में किया जाएगा। इसके बाद इस नाटक का मंचन नई दिल्ली और अहमदाबाद समेत देश भर के अन्य शहरों में किया जाएगा।

केवड़िया में होने वाले भव्य समारोह का उद्घाटन पीएम मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम में उनके अलावा गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और केंद्र व गुजरात के कई मंत्री और नेता शामिल होंगे। गुजरात सरदार पटेल का गृह राज्य है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 मिनट का यह नाटक सरदार पटेल की सालभर चलने वाली 150वीं जयंती समारोह का हिस्सा है, जिसका समापन 31 अक्टूबर, 2026 को होगा।

संस्कृति मंत्रालय ने हाल ही में सरदार पटेल की याद में होने वाले इस मेगा इवेंट की देखरेख के लिए पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति के गठन की अधिसूचना जारी की थी। इस समिति में केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों समेत 100 से ज्यादा सदस्य हैं। समिति में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और रामनाथ कोविंद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और पूर्व पीएम एच डी देवेगौड़ा भी प्रमुख सदस्य हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस नाटक में 200 कलाकार और क्रू मेंबर होंगे। नाटक में लाइटिंग इफेक्ट और अन्य नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। तीन अलग-अलग कलाकार सरदार पटेल की भूमिका निभाएंगे। इसकी शुरुआत 14 साल के पटेल से होगी, जिन्होंने स्कूल में किताबों की वास्तविक कीमत 2 पैसे के बजाय 5 पैसे में बेचे जाने पर विद्रोह किया था। सूत्रों के हवाले से कहा गया है नाटक में सरदार पटेल के जीवन से जुड़े कुछ गंभीर मुद्दों को भी उठाया गया है। उनमें राजनीति में परिवारवाद का विरोध भी शामिल है।

दरअसल, सरदार पटेल ने अपने परिवार के सदस्यों, खासकर अपने बच्चों को राजनीति में शामिल न होने की सख्त हिदायत दी थी, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि वे उनके नाम का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करें। इस अवधारणा से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि आज के समय में भाई-भतीजावाद पर बहुत चर्चा हो रही है, पटेल का जीवन व्यक्तिगत योग्यता के महत्व को दर्शाता है। फिलहाल, इस मेगा इवेंट का अभ्यास चल रहा है। नाटक में सरदार पटेल की लंदन से कानून की पढ़ाई करने के बाद बैरिस्टर के रूप में अहमदाबाद वापसी और 1916 में बाल गंगाधर तिलक के एक भाषण ने पटेल की राजनीतिक चेतना में कैसे अहम मोड़ ला दिया, यह भी दिखाया जाएगा। नाटक में महात्मा गांधी के साथ उनके संबंधों पर भी प्रकाश डाला जाएगा, कैसे 1946 में, स्वतंत्रता से ठीक पहले, जब महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के पक्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए कहा, तो पटेल पीछे नहीं हटे। इसके बाद नेहरू देश के पहले पीएम बने, जबकि पटेल उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। नाटक का समापन उनके अंतिम दिनों और महीनों के साथ होगा। इसमें यह भी दिखाया जाएगा कि 1948 में गांधीजी की हत्या ने उन्हें कितना झकझोर दिया था।

## दिवाली के दिन मां वैष्णो देवी के चरणों में नतमस्तक हुए 11800 श्रद्धालु

कटड़ा (एजेंसी)। वर्तमान में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ मां वैष्णो देवी के चरणों में नतमस्तक हो रहे हैं। हालांकि वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा में कमी लगातार देखने को मिल रही है। इस लेकर वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। क्योंकि मुख्य दीपावली पर्व उत्साह के साथ बीत चुका है। अब उम्मीद है की मां वैष्णो देवी की यात्रा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं मंगलवार को मां वैष्णो देवी की यात्रा में आंशिक बढ़ोतरी दिखाई दी। इस लेकर आधार शिविर कटड़ा में श्रद्धालु की चहल पहला आरंभ हो गई है। श्रद्धालुओं को बैटरी कार सेवा के साथ ही हेलीकॉप्टर सेवा और रोपवे केवल कार सेवा के साथ ही घोड़ा, पिट्ठू और पालकी आदि की सेवाओं को लेकर किसी भी तरह का इंतजार नहीं करना पड़ रहा है और यह सभी सेवाएं श्रद्धालुओं को आसानी से उपलब्ध हो रही है। मंगलवार को मौसम मिला झूल रहा क्योंकि दोपहर तक जहां मौसम साफ रहा और धूप खींली रही वहीं दोपहर के बाद आसमान पर सूर्य देव और बादलों का लुका छुपी का खेल चलता रहा। हालांकि दिन में अधिकांश समय हेलीकॉप्टर सेवा सुचारु रही और श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। वही नगर के व्यापारी वर्ग का मानना है कि जल्द ही मां वैष्णो देवी की यात्रा में बढ़ोतरी होगी और एक बार फिर बाजार श्रद्धालुओं से गुलजार होगा। बीते 20 अक्टूबर को 11800 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के चरणों में हाजिरी लगाई थी तो वहीं 21 अक्टूबर यानी कि मंगलवार बाद दोपहर 3 :00 बजे तक करीब 11000 श्रद्धालु पंजीकरण करवा कर मां वैष्णो देवी भवन की ओर रवाना हो चुके थे और श्रद्धालुओं का आना जारी है।

## संत प्रेमानंद की फिर बिगड़ी तबीयत, सीटी स्कैन करवाया गया

वृंदावन (एजेंसी)। मशहूर संत प्रेमानंद की एकबार फिर तबीयत खराब होने की सूचना मिली है। संत प्रेमानंद के पेट में सूजन दिखाने पर चिकित्सकों ने सीटी स्कैन की सलाह दी। संत के अनुयायियों ने एक निजी लैब में संत प्रेमानंद के पेट की सीटी स्कैन करवाई है। बात दें कि प्रेमानंद पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं। पिछले दिनों रात्रिकालीन पदयात्रा अनिश्चितकालीन स्थगित कर दी गई थी। लेकिन, स्वास्थ में कुछ लाभ होने पर संत प्रेमानंद रात ढाई बजे श्री राधा केलिकुंज से भक्तों को दर्शन देने के लिए करीब पांच सौ मीटर का रास्ता परिक्रमा मार्ग में तय करते थे लेकिन फिर से संत प्रेमानंद की तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार की सुबह मथुरा के बिड़ला मंदिर के समीप शैल सुधा पैथोलाजी लैब में सीटी स्कैन करवाया गया है। संत प्रेमानंद की इस जांच को गुप्त रखा गया। यहां तक कि लैब में किसी के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया। संत प्रेमानंद के आश्रम श्री राधा केलिकुंज में इस बारे में जानकारी करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया।



## नवी मुंबई में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं में कुल 6 लोगों की मौत

मुंबई(एजेंसी)। दीपावली के मौके पर नवी मुंबई में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं में कुल 6 लोगों की मौत हो गई। जहां दीवाली की आधी रात को वाशी के सेक्टर-14 स्थित एमजी कॉम्प्लेक्स की रहेजा रेजीडेंसी सोसाइटी में भीषण आग लग गई। आग 10वीं, 11वीं और 12वीं मंज़िल पर लगी थी इस हादसे में कुल 4 लोगों की मौत हो गई। आग की घटना से 10वीं मंज़िल पर एक घर में एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई। 12वीं मंज़िल पर एक घर में एक मां, पिता, और उनकी 6 साल की बेटी की जान चली गई। आग लगाने की घटना की जानकारी मिलते ही वाशी अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं सोमवार की सुबह कामोठे इलाके की सेक्टर 36 स्थित आंबे श्रद्धा सहकारी सोसायटी की तीसरी मंज़िल पर स्थित एक फ्लैट में आग लगी। बताया जा रहा है कि घर में रखे दो गैस सिलेंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे आग भीषण हो गई। इस हादसे में एक मां और उसकी बेटी की मौत हो गई। परिवार के तीन अन्य सदस्य किसी तरह बच गए। आग ने चौथी मंज़िल के हिस्से को भी नुकसान पहुँचाया। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिक जाँच में सिलेंडर ब्लास्ट आग का कारण है। दीवाली के दिन पूरे मुंबई में फायर ब्रिगेड को 32 जगहों पर आग लगने की कॉल मिली। सोमवार की सुबह कफ परेड में आग लगने से 1 व्यक्ति की मौत हो गई थी। पिंपरी चिंचवड़ शहर के वाकड स्थित एक ईवी बाइक शोरूम में आग लग गई। मंगलवार (21 अक्टूबर) की सुबह करीब 5.00 बजे आग लग गई। आग से लगभग 50 से 60 नए स्कूटर जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड का प्रारंभिक अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। गनीमत रही कि किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ।

## जैसलमेर में मार्बल फैक्ट्री में धमाका... पुलिस और सेना जांच में जुटी

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर में एक मार्बल फैक्ट्री के पास जोरदार धमाका हुआ है, जो भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर दूर स्थित है। दीपावली की रात, जैसलमेर के रीको एरिया स्थित रमेश मार्बल फैक्ट्री में लोहे की टीन शेड में पैराशूट लगी एक बमनुमा वस्तु गिरी और ज़ोरदार धमाका हुआ। फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर अर्जुन दास ने धमाके के बाद पहुंचकर आग बुझा दी। मजदूर अर्जुन को लगा कि यह दीपावली का कोई रॉकेटनुमा पटाखा है। लेकिन सुबह उठकर मजदूर ने देखा कि यह कोई पटाखा नहीं, बल्कि एक बमनुमा वस्तु थी जिस पर 51एमएम, आईएलएलजी लिखा था और उसके साथ एक पैराशूट भी बंधा हुआ था। टीन शेड में छेद हो गया था। इसके बाद मजदूर ने मालिक को और मालिक ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस थानाधिकारी प्रेमदान रतनू और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हर पहलू से जांच शुरू की और सेना को भी बुलाया गया है। सेना अपने स्तर पर वस्तु की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, यह बमनुमा वस्तु रोशनी करने के काम आती है।

## इंदौर में रेबीज मुक्त बनाने अभियान शुरू... पहले चरण में दो हजार कुत्तों को एंटी-रेबीज टीकाकरण

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में रेबीज मुक्त बनाने के लिए अभियान जारी है। पहले चरण में दो हजार कुत्तों को एंटी-रेबीज टीकाकरण हुआ है, जबकि दूसरे चरण में दस हजार से अधिक कुत्तों को टीका लगाया जाएगा। निपानिया, राजबाड़ा, रामबाग, छप्पन दुकान, पलासिया, एलआईजी, तिलक नगर, कनाडिया, सिलिकॉन सिटी, महालक्ष्मी नगर, मूसाखेड़ी, मालवा मिल, सरवटे और स्कीम नंबर 140 से मिली जानकारी के आधार पर टीम ने कुत्तों का टीकाकरण किया। दूसरे चरण का अभियान दीपावली के बाद शुरू होगा। पीपुल्स फॉर एनिमल (पीएफए) और नीडीटेल फाउंडेशन ने वर्ल्ड वाइड वेटरनरी सर्विसेज एनजीओ के साथ मिलकर पहला चरण पूरा किया। टीकाकरण की पूरी जानकारी कुत्तों के फोटो और जीपीएस लोकेशन के साथ सॉफ्टवेयर पर अपलोड की गई है। दूसरे चरण हेतु 10 हजार कुत्तों का टीकाकरण लक्ष्य तय है। जीव प्रेमियों से क्षेत्रीय डाटा इकट्ठा कर टीकाकरण किया जाएगा। इसी योजना से गोवा को भी रेबीज मुक्त बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी आवारा कुत्तों के मामले में निर्देश दिए हैं कि पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण कर उन्हें वहीं छोड़ दिया जाए। आक्रामक और रेबीज संक्रमित कुत्तों को शेल्टर होम में रखा जाएगा। कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना न देने और नगर निगम द्वारा इसके लिए अलग जगह बनाने का आदेश दिया है।



## अलर्ट जारी ! देश के 12 राज्यों में फिर बारिश मचाएगी धमाचौकड़ी, बिजली गिरने की आशंका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्टूबर का महीना अपने अंतिम चरण में है। भारत से मौसम विदा ले चुका है। इसके बाद भी संभावना जताई जा रही है कि देश के 12 राज्यों में बारिश धमाचौकड़ी मचा सकती है। यहां तक की बिजली गिरने की भी संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवात के जोर पकड़ने का अनुमान है जिसका असर समुद्री तटों से लेकर देश के भीतरी राज्यों तक देखने को मिलेगा। इस चक्रवात के कारण लगभग 12 से अधिक राज्यों में भारी बारिश और तेज हवाओं की आशंका जताई जा रही है।

आईएमडी ने बंगाल की खाड़ी में अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के लिए चक्रवात का अलर्ट जारी किया है जिसके आज (21 अक्टूबर) से और अधिक सक्रिय होने का अनुमान है। चक्रवात का असर दक्षिण प्रायद्वीप, पूर्व, पूर्वोत्तर, मध्य भारत, पश्चिम भारत से लेकर उत्तर भारत तक रहेगा। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गोवा, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश। चेतावनी के बाद स्थानीय बंदरगाहों को खाली कराया जा रहा है।

चक्रवात के मार्ग में आने वाले राज्यों में 24 अक्टूबर के बीच मौसम काफी खराब रहने की संभावना है। अंडमान-निकोबार में 21 से लेकर 23 अक्टूबर तक 40-50 किमी/घंटा की रफ़्तार से हवाएँ और भारी बारिश की संभावना है। वहीं तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश में भारी बारिश, बिजली चमकने के साथ 30-40 किमी/घंटा की रफ़्तार से तूफान आ सकता है। ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने और गरज के साथ बारिश 24 अक्टूबर तक हो सकती है। इसी तरह कोंकण, गोवा, मराठवाड़ा, मध्य महाराष्ट्र बिजली कड़कने के साथ तूफान की आशंका अगले 2 दिनों तक बनी रहेगी। उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना। अधिकारियों का कहना है कि यह चक्रवात अंडमान-निकोबार से शुरू होकर केरल में प्रवेश करेगा जिसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और हिमाचल तक इसका व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

# बिहार में महागठबंधन में महा कलह, राजद और कांग्रेस नुकसान की भरपाई में जुटे

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर हुई खींचतान और हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के बाहर होने के बाद अंदरूनी कलह से जूझ रहे महागठबंधन के सहयोगी दल राजद और कांग्रेस, राज्य में कई सीटों पर अपने उम्मीदवारों के एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होने के बाद, नुकसान की भरपाई में जुट गए हैं। यह बात दूसरे चरण के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सामने आई। इसके बाद 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा की 121 सीटों पर कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। इन सीटों के लिए 6 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने कुल 61 नामांकन वापस ले लिए और 300 से ज़्यादा नामांकन खारिज कर दिए गए।



विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली और पिछले दो विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी रही राजद ने 143 उम्मीदवारों की सूची तब जारी की जब ज़्यादातर उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित हो चुके थे और उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए थे। पार्टी ने बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार राम के खिलाफ आरक्षित कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार न उतारकर कांग्रेस के साथ सीधे टकराव से बचा लिया। हालांकि, लालगंज, वैशाली और कहलगांव में राजद के उम्मीदवार कांग्रेस उम्मीदवारों से भिड़ेंगे।

इससे पहले तारापुर में, जहां एनडीए ने बीजेपी नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मैदान में उतारा है, राजद का मुकाबला पूर्व राज्य मंत्री मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) से होने की संभावना थी, और गौरा बोराम में भी। तारापुर में, वीआईपी ने घोषणा की कि वह उनके उम्मीदवार सकलदेव बिंद का समर्थन नहीं करेगी, जिसके विरोध में उन्होंने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया और चौधरी की उपस्थिति में बीजेपी में शामिल हो गए।

गौरा बोराम में, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र भेजा जिसमें कहा था कि उनकी पार्टी सहनी के छोटे भाई संतोष का समर्थन कर रही है और राजद के चुनाव चिन्ह, लालटेन, के तहत चुनाव लड़ने वाले किसी भी उम्मीदवार को वैध नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, यह पत्र बेअसर साबित हुआ।

राजद के चुनाव चिह्न पर नामांकन दाखिल करने वाले अफ़ज़ल अली ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया, जिससे दरभंगा ज़िले की विधानसभा सीट पर पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

बछवाड़ा, राजापाकर और रोसड़ा में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर अंदरूनी कलह की आशंका है, जहाँ कांग्रेस और भाकपा दोनों ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। राजापाकर, जो वर्तमान में कांग्रेस के पास है, वहाँ से मौजूदा विधायक प्रतिमा कुमारी दास अपनी सीट बचाएंगी। कांग्रेस कुल 61 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं, जो 2020 की तुलना में पांच कम हैं, जब उसने केवल 19 सीटें जीती थीं। उस समय पार्टी के खराब प्रदर्शन को महागठबंधन के बहुमत हासिल करने में विफलता का एक प्रमुख कारण बताया गया था।

राजद को परिहार में विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है, जहां पार्टी की महिला शाखा की प्रमुख रितु जायसवाल ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया है। वह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र पूर्वे की बहू को पार्टी का टिकट दिए जाने से नाराज़ हैं, जिनके बारे में जायसवाल को संदेह है कि पिछले विधानसभा चुनावों में उनकी मामूली हार में उनकी भूमिका थी।

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद और छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के पति पप्पू यादव का प्रभाव रहा है। उनके वफादारों को मौजूदा विधायकों की बजाय टिकट दिए गए हैं या उन निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात किया गया है जहां पार्टी के जीतने की संभावना कम है। विकासशील इंसान पार्टी, जिसका निवर्तमान विधानसभा में कोई विधायक नहीं है, लेकिन जिसने पहले 40-50 सीटों की मांग की थी और वादा किया था कि अगर तेजस्वी यादव अगली सरकार बनाते हैं तो मुकेश साहनी उपमुख्यमंत्री बनेंगे, उन्होंने एक बड़ी रियायत दी और 16 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने पर सहमति व्यक्त की। भाकपा (माले) लिबरेशन, जिसकी 2020 में महागठबंधन में सबसे ज़्यादा सफलता दर रही थी, जिसने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से 12 पर जीती थीं इस बार अति-महत्वाकांक्षी न होते हुए 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

भाकपा, जिसके दो विधायक हैं, पार्टी कार्यालय सचिव इंदु भूषण वर्मा के मुताबिक नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। माकपा के बिहार राज्य सचिवालय सदस्य मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि उनकी पार्टी, जिसके भी दो विधायक हैं, चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## आई लव मोहम्मद विवाद पर आजम खान की दो टूक... जिला प्रशासन की निष्क्रियता

**रामपुर (एजेंसी)।** आई लव मोहम्मद लिखे विवादित पोस्टर और नारों को लेकर उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तनाव बना था। इस मामले पर अब समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान ने चुप्पी तोड़ी है। उनका यह बयान तब आया है जब इस विवाद ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर दरार पैदा कर दी है, और प्रशासन को जगह-जगह कार्रवाई करनी पड़ी है।



सपा नेता आजम ने पूरे विवाद को बातचीत से हल करने की वकालत की। उन्होंने कहा, अगर मैं इस चिंगारी भी कहूं, तब यह छोटी सी बात इतनी बड़ी आग कैसे बन गई? अगर जिला प्रशासन चाहता तब बातचीत से मामला सुलझाया जा सकता था। मामला कितना भी बिगड़ जाए, बातचीत से ही हल निकल सकता है। जरा जंगों का नतीज देखो... यह भाईचारा खत्म करने की साजिश थी।

आजम ने सीधे तौर आरोप लगाया कि पूरे विवाद को जिला प्रशासन की निष्क्रियता या जानबूझकर की गई अनदेखी के कारण बढ़ने दिया गया। उनके अनुसार, यह विवाद भाईचारे को खत्म करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। सपा नेता खान ने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े मामले बातचीत से हल हो जाते हैं, फिर यह छोटा सा मामला क्यों नहीं सुलझाया जा सका। उन्होंने किसी व्यक्ति के प्यार जताने के अधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार बताकर अपनी बात समाप्त की। उनका यह बयान विवाद को लेकर सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ सकता है।

दरअसल आई लव मोहम्मद विवाद की शुरुआत सितंबर 2025 में कानपुर शहर के रावतपुर इलाके से हुई। बारावफात के जुलूस के दौरान, मुस्लिम युवाओं ने सड़क किनारे एक लाइटिंग बोर्ड पर आई लव मोहम्मद लिखा पोस्टर/बैनर लगा दिया। इसके बाद स्थानीय हिंदू संगठनों और निवासियों ने नई परंपरा बताकर इस पर आपत्ति जाहिर कर दी। क्योंकि उनके अनुसार यह स्थान पारंपरिक रूप से हिंदू त्यौहारों के लिए इस्तेमाल होता रहा है। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने हस्तक्षेप किया और नई परंपरा शुरू न करने का हवाला देकर पोस्टर हटवा दिया।

## गुरुवायूर देवस्वोम को लौटाए गए ज्यादातर सोने-चांदी के बर्तनों का वजन कम निकला

### ऑडिट रिपोर्ट में मंदिर के खजाने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के प्रसिद्ध कृष्ण मंदिर, गुरुवायूर मंदिर के खजाने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। राज्य की ऑडिट डिपार्टमेंट ने 2019-20 और 2020-21 की अपनी रिपोर्ट में बताया है कि मंदिर में सोने-चांदी और अन्य कीमती सामानों के मैनेजमेंट में गंभीर अनियमितताएं हुईं हैं और सही प्रक्रियाओं का पालन नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंदिर के अंदर दैनिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले सोने और चांदी के बर्तनों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई। इसका हिसाब रखने वाले डबल-लॉक रजिस्टर की जांच से पता चला कि इस्तेमाल के बाद मंदिर प्रबंधक, गुरुवायूर देवस्वोम को जो सामान लौटे, अक्सर उनका वजन कम होता था।

ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ हैं कि कई बार सोने के सामान की जगह चांदी के सामान लौटाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोने के मुकुट की जगह चांदी का मुकुट वापस दिया। एक चांदी के बर्तन का वजन दस महीनों में 1.19किलोग्राम कम हो गया। एक चांदी के दिए का वजन कई सौ ग्राम घट गया।

2.65किलोग्राम चांदी के बर्तन की जगह सिर्फ 750 ग्राम वजन का बर्तन रखा गया। सबसे बड़ी चूक गुरुवायूर देवस्वोम के पुन्नथुर कोट्टा सेंचुरी में हाथी के दांतों के रख-रखाव में हुई। ऑडिट में बताया गया कि पुन्नथुर कोट्टा से जमा किए गए 530 किलोग्राम से ज्यादा वजन के हाथी दांत गायब हैं।

इस पूरे मामले में देवस्वोम चैयरमैन ने कहा कि मौजूदा बोर्ड के कार्यकाल से पहले का मामला गुरुवायूर देवस्वोम के अध्यक्ष वी के विजयन ने ऑडिट रिपोर्ट में मिली गड़बड़ियों पर कहा कि यह मामला मौजूदा बोर्ड के कार्यकाल से पहले का है। उन्होंने कहा कि यह मामला वर्तमान बोर्ड के कार्यभार संभालने से पहले का है। यह पहले ही अदालत में जा चुका है, जहां देवस्वोम ने अपना जवाब दाखिल किया है।

गुरुवायूर देवस्वोम के अध्यक्ष ने हाथी के दांत गायब होने के दावे पर कहा कि 2022 से अब तक, देवस्वोम से जुड़े छह हाथियों की मौत हो चुकी है। उन सभी मामलों में, वन विभाग की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किए गए थे। हाथी दांत हमें कभी नहीं सौंपा गया। हमें केवल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलती है। ऑडिट रिपोर्ट में किए गए दावे पहले के हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में पाक का साथ देने वाले तुर्की और अजरबैजान को भारतीयों ने सिखाया सबक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत पर आंख उठाने वालों को सेना तो सबक सिखाती ही है बल्कि एक-एक नागरिक अपने-अपने स्तर पर बदला लेने में देरी नहीं करता। तुर्की और अजरबैजान से भी भारतीयों ने बदला ले लिया है। ये दोनों देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का जमकर सहयोग किया था और भारत के खिलाफ खड़े हो गए थे। हालत ये है कि अजरबैजान में मई से अगस्त 2025 के बीच भारतीय पर्यटकों की संख्या में 56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि तुर्की में यही गिरावट 33.3 प्रतिशत रही। इससे पहले, दोनों देशों में भारतीय यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही थी। 2024 में अजरबैजान में 2.44 लाख भारतीय पर्यटक पहुंचे थे, जबकि तुर्की में 3.31 लाख। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद माहौल बदल गया।

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद भारतीय ट्रैवल कंपनियों और पोर्टलों ने तुर्की और अजरबैजान की यात्रा से बचने की सलाह दी। कंपनियों ने 14 मई को जारी एक बयान में कहा, भारतीय यात्रियों में इस मुद्दे को लेकर गहरी भावनाएं देखी गई हैं। पिछले एक सप्ताह में अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 प्रतिशत की गिरावट आई है। कैंसिल करने वालों की संख्या में 250 प्रतिशत बढ़ोतरी देखी गई। हम अपनी सेना के साथ एकजुटता में इन दोनों गंतव्यों के प्रचार और ऑफर को रोक चुके हैं। अजरबैजान और तुर्की द्वारा पाकिस्तान के पक्ष में खड़े होने का असर न केवल कूटनीतिक स्तर पर देखा गया, बल्कि इसका सीधा प्रभाव उनके पर्यटन उद्योग पर भी पड़ा है। भारत में अब इन देशों को लेकर जनभावना बदली है और इसके चलते ट्रैवल इंडस्ट्री ने भी दूरी बनानी शुरू कर दी है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो आने वाले महीनों में यह गिरावट और गहराने की संभावना है।

### लगभग आधी रह गई पर्यटकों की संख्या

अजरबैजान में मई-अगस्त 2024 में लगभग 1 लाख भारतीय पर्यटक पहुंचे थे। मई-अगस्त 2025 में यह संख्या घटकर 44,000 हो गई। अगस्त 2024 में 21,137 और अगस्त 2025 में घटकर सिर्फ 6,032 हो गई। 2025 के पहले आठ महीनों में अजरबैजान आने वाले भारतीयों की संख्या 22 प्रतिशत कम होकर 1.25 लाख रह गई।तुर्की की बात करें तो मई-अगस्त 2024 में लगभग 1.36 लाख भारतीय पर्यटक पहुंचे थे। मई-अगस्त 2025 में इसकी संख्या घटकर 90,400 रह गई। जनवरी-अगस्त 2025 में कुल 1.74 लाख भारतीय पर्यटक पहुंचे। 2024 के मुकाबले 21प्रतिशत की गिरावट देखी गई।



